




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 15 अंक - 203 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 07 मई 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर




### भाजपा में शामिल हुईं राधिका खेड़ा, छत्तीसगढ़ में पार्टी नेताओं पर लगाया था दुर्व्यवहार का आरोप

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ में अपमानित होने के बाद कांग्रेस की प्रवक्ता रहीं राधिका खेड़ा ने आखिरकार भाजपा का दामन थाम लिया। राधिका खेड़ा ने दो दिन पहले ही कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। इसके बाद अपने अगले के कदम को लेकर जल्द घोषणा करने की बात भी कही थी। अब राधिका खेड़ा ने भाजपा ज्वाइन कर लिया है। नईदिल्ली के पार्टी कार्यालय में उन्होंने सदस्यता ली। राधिका खेड़ा के साथ अभिनेता शेखर सुमन ने भी भाजपा की सदस्यता ली।

बता दें राधिका खेड़ा ने अपने साथ छत्तीसगढ़ में दुर्व्यवहार करने और साजिश रचने का आरोप लगाया था। बीजेपी में शामिल होने के बाद कांग्रेस की पूर्व नेता राधिका खेड़ा ने कहा कि रामभक्त होने के नाते रामलला के दर्शन करने पर कौशल्या माता की धरती पर मेरे साथ दुर्व्यवहार किया गया। खेड़ा ने कहा कि मुझे भाजपा सरकार, मोदी सरकार का संरक्षण नहीं मिला था। आज की कांग्रेस महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं है, यह राम विरोधी, हिंदू विरोधी कांग्रेस है।

राधिका खेड़ा ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद कहा था कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संचार विभाग के चेयरमैन सुशील आनंद शुक्ला ने अपने दो साथियों के साथ रायपुर के पार्टी ऑफिस में उनके साथ अभद्रता करने की कोशिश की। जब उन्होंने इसके बारे में पार्टी के शीर्ष नेताओं को जानकारी दी, तब आरोपी नेताओं के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यहां तक कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और जयराम रमेश तक सबको इस आपत्तिजनक घटना के बारे में बताया गया, लेकिन आरोपी नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद हताश होकर उन्होंने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया।

### सुबह से बादलों की लुका-छुपी, छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच बारिश की संभावना बनी हुई है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। साथ ही बारिश की संभावना बनी हुई है। इसके वजह से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री गिरावट होने की संभावना है। वहीं सोमवार को डोंगरगढ़ गर्म रहा है। यहां अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, एक चक्रवती परिसंचरण दक्षिण झारखंड और आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर स्थित है। एक ट्रफ रेखा दक्षिण झारखंड से पश्चिम मध्य प्रदेश तक चक्रवर्ती परिसंचरण के ऊपर से समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर बनी हुई है। समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर पूर्वी विदर्भ से लेकर तेलंगाना रायलसीमा दक्षिण आंतरिक कर्नाटक से दक्षिण तमिलनाडु तक एक ट्रफ हवा का विच्छेदन बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। साथ ही बारिश की संभावना भी बनी हुई है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि समुद्र तल से नमी हवाओं का आगमन होने से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आगामी दो दिनों तक प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात और अंधड़ चलने की संभावना है।

### सुहावने मौसम के बीच 7 सीटों पर बम्पर वोटिंग, 4 सीटों पर पहले ही टूट चुका है रिकार्ड

# फिर छलका मतदाताओं का उत्साह

### मतदान केन्द्रों में लगी रही लंबी कतारें, पल-पल की खबर लेते दिखे प्रत्याशी



लोकसभा चुनाव - 2024: लोकतंत्र का महापर्व

श्रीकंचनपथ न्यूज डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की 7 सीटों पर मतदाताओं का उत्साह खूब छलका। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही लम्बी-लम्बी कतारें नजर आईं। पूर्व की अपेक्षा आज मौसम ने भी लोकतंत्र के इस पर्व में अपना अहम् योगदान दिया और प्रदेशभर में बदली-बारिश और आंधी-तूफान के चलते गर्मी में कमी आई। इसके चलते मतदाता भी पूरे उत्साह के साथ मतदान केन्द्र पहुंचे और लोकतंत्र की पवित्र नदी में डुबकी लगाई। प्रदेश की 7 सीटों दुर्ग, रायपुर, सरगुजा, बिलासपुर, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा और रायगढ़ में मतदान दोपहर तक जारी रहा। इससे पहले राज्य में दो चरणों में मतदान सम्पन्न हो चुका है। वहीं तीसरे चरण में 168 प्रत्याशी मैदान में हैं जिसमें 142 पुरुष व 26 महिला प्रत्याशी शामिल हैं। गौरतलब है कि इससे पहले दक्षिण क्षेत्र में पहले व दूसरे चरण के मतदान में रिकार्ड बना था। इस बार बारी मध्य व उत्तर क्षेत्र की है। चार लोकसभा सीटों में 2019 के लोकसभा चुनाव की अपेक्षा मौजूदा वर्ष में रिकार्ड कायम हुआ। बाकी बची 7 सीटों पर आज वोटिंग जारी रही। इन 7 सीटों पर भी नया रिकार्ड बनने की संभावना है।

सुहावने मौसम के चलते छत्तीसगढ़ में पहले दो घंटों में 13 फीसद मतदान हुआ। जबकि 11 बजे तक मतदान का आंकड़ा करीब 30 फीसद तक पहुंच गया। दोपहर तक यह आंकड़ा 40 से 45 फीसद के बीच रहा। इसके चलते तीसरे चरण के मतदान में भी बम्पर वोटिंग का अनुमान है। दरअसल, माना जाता है कि मतदाता सुबह के बाद शाम के वक्त घर से निकलते हैं। जबकि दोपहर में वोटिंग की रफ्तार कम होती है। अनुमान जताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में कुल वोटिंग का प्रतिशत 70 से 75 फीसद रह सकता है। इस बीच, राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रत्याशियों ने भी अपनी-अपनी जीत के दावे करना शुरू कर दिया है।

### घंटेभर में हो गया सौ फीसद मतदान

कोरबा लोकसभा सीट में सुबह 9 बजे तक 15.54 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। कोरबा लोकसभा सीट के एक मतदान केंद्र में एक घंटे के अंदर ही शत-प्रतिशत मतदान हो गया। कोरिया जिले के शेरडांड के मतदान केंद्र में सुबह के एक घंटे में ही शत-प्रतिशत मतदान हो गया। यह प्रदेश का एकमात्र ऐसा मतदान केंद्र है जहां 15 से 20 मिनट में ही वोटिंग शत-प्रतिशत हो जाती है। यह प्रदेश का सबसे छोटा मतदान केंद्र है। यहां मात्रा पांच मतदाता है। पांचो के लिए निर्वाचन आयोग ने इस पोलिंग बूथ में पांच अधिकारियों को नियुक्त किया था। इस मतदान केंद्र में साल 2008 में केवल तीन मतदाता थे।

### दिव्यांग को मिला सहयोग, कहा- 'अच्छी सुविधा'

बिलासपुर में मतदान केंद्रों में मतदाताओं के सहयोग के लिए मतदाता सहायक (वोटर असिस्टेंट) उपलब्ध कराए गए थे। ये वोटर असिस्टेंट मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम ढूंढने और मतदान केंद्र के संबंध में जानकारी प्रदान करते रहे। इसके अलावा मतदाता मित्र के रूप में एनएसएस व स्काउट गाइड के कैडेट्स भी मतदान केंद्रों में दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों तथा शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को सहयोग प्रदान करने एवं व्हील चेयर, पेयजल, शरबत ,प्राथमिक स्वास्थ्य उपलब्ध कराने में सहयोग करते नजर आए। मतदाताओं ने कहा कि इनके सहयोग से ही हम मतदान केन्द्र तक वोट डालने पहुंचे है। प्रशासन की यह अच्छी सुविधा है।

### सराही गई विवाह मंडप की थीम

जनपद पंचायत पलारी के ग्राम आदर्श ग्राम पंचायत अमेरा में मतदान केंद्र को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक विवाह मंडप की थीम से सजाया गया था। जिसे मतदाताओं ने काफी सराहा और उत्साह से वोट डाले। यहां सुबह 7:00 से महिला मतदाताओं की भीड़ देखने को मिली। इस मतदान केंद्र को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक विवाह मंडप जिसे मड़वा कहा जाता है उस थीम से सजाया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ की सभी वैवाहिक सामग्री यहां पर गई। मंडप के नीचे विवाह में लगने वाले सभी सामग्रियों को सजा कर रखा गया। विवाह मंडप को आम के पत्तों एवम फूलो से सजाया गया। स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा यह शादी मड़वा को तैयार किया गया जिसमें जिला प्रशासन का भी सहयोग रहा।

### बेमेतरा में सड़क-पानी के लिए बहिष्कार



एक ओर जहां पूरे प्रदेश में मतदाताओं में मतदान को लेकर भारी उत्साह दिखाई दिया तो वहीं दूसरी ओर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के बेमेतरा स्थित एक गांव के लोगों ने मतदान केन्द्र का बहिष्कार किया। गांव की महिलाओं की नाराजगी पानी की समस्या को लेकर थी। बेमेतरा के ही नवागढ़ क्षेत्र के रामपुर गांव के लोगों ने भी सड़क नहीं बनाए जाने से नाराज होकर मतदान का बहिष्कार किया। बेमेतरा के घठोली गांव की इस घटना ने प्रशासन के भी कान खड़े कर दिए। बताया गया है कि गांव में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों का ध्यानाकर्षण किया था, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसी के चलते गांव के लोगों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया। ग्रामीण महिलाएं बड़ी संख्या में मतदान केन्द्र में पहुंची और केन्द्र के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। ऐसी ही दूसरी घटना नवागढ़ के रामपुर गांव में भी हुई। यहां के ग्रामीणों ने चुनाव से पहले क्षेत्र में सड़क निर्माण की मांग की थी, लेकिन सड़क नहीं बनी। इससे नाराज ग्रामीणों ने मतदान का ही बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि आजादी के 75 सालों बाद भी गांव को एक अदद सड़क तक नसीब नहीं हुई है।

### मौसम भी रहा लोकतंत्र के पक्ष में

आज सुबह से ही मौसम का मिजाज भी लोकतंत्र के इस महापर्व के पक्ष में नजर आया। प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बदली छाई रही और ठंडी हवाएं चली। कई क्षेत्रों में सुबह बूंदाबांदी भी हुई। रायपुर में ही सुबह आंधी-तूफान के हालात निर्मित हुए। इसकी वजह से लोगों को तेज धूप, गर्मी और उमस से निजात मिली। हालांकि दोपहर होते-होते बादल छँटते नजर आए, लेकिन धूप में चुभन और जला देने का अहसास नहीं था। मौसम की वजह से लोगों में मतदान को लेकर उत्साह बढ़ा हुआ दिखा। सुबह से ही मतदान केन्द्रों में लम्बी कतारें लगी रही। मौसम विभाग ने भी आज बस्तर, सरगुजा समेत कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जाहिर की है। वहीं कुछ स्थानों पर वज्रपात का भी अंदेशा जाहिर किया गया है।

### मधुमक्खियों के हमले में 8 ग्रामीण घायल

इधर, जशपुर के एक मतदान केन्द्र में वोटिंग करने पहुंचे ग्रामीणों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले में 8 ग्रामीण घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों को देखने जशपुर विधायक अस्पताल पहुंची। घटना जशपुर के आरा मतदान केन्द्र की बताई गई है। हालांकि सभी ग्रामीण खतरे से बाहर हैं। यहां सुबह से ही मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। केन्द्रों पर लम्बी-लम्बी लाइनें लगी रही। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और सुरक्षा बल किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तत्पर दिखा।

## मुखिया का शव घर में रखकर मतदान करने पहुंचा परिवार

### पारिवारिक सदस्य ने ही कर दी थी हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**अंबिकापुर।** सरगुजा संसदीय सीट के ग्राम लहपटरा में परिवार के मुखिया के शव को घर में रख कर परिवार के सदस्यों ने मतदान केंद्र पहुंच कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। मन में पीड़ा और उदास चेहरों के साथ परिवार के सदस्य जब मतदान करने पहुंचे तो गांववाले अवाक रह गए। गांववालों को यकीन नही हो रहा था कि जिस परिवार के मुखिया की बेटे ने ही हत्या कर दी हो उस परिवार का कोई सदस्य मतदान करने पहुंचेगा। गांव के लोगों ने उनकी भावनाओं का सम्मान किया। परिवार के सदस्यों ने एक साथ मतदान किया।

दरअसल ग्राम लहपटरा में मुलसाय रजक परिवार के सदस्यों के साथ रहता था। उसका पुत्र बंटी रजक नशेड़ी प्रवृत्ति का है। वह शराब पीने का आदी है। मतदान के पूर्व दिवस मूल साय रजक का पुत्र बंटी अपने पिता से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगा, पैसे नहीं देने पर उसने अपने पिता की पीट-पीट कर हत्या कर दी। सूचना पर लखनपुर पुलिस जांच के लिए पहुंची। आरोपी बंटी रजक को लखनपुर पुलिस रात में ही गिरफ्तार कर लिया। मृतक मूल साय का शव घर पर ही है। पुलिस की जांच होनी है। पोस्टमार्टम भी होगा।

उसके पहले ही मूल साय के परिवार के सदस्य मतदान केंद्र पहुंचे और मताधिकार का उपयोग किया। घर में शव रहने के बावजूद मतदान के महत्व को समझ कर इन्होंने मतदान किया है। इनका कहना है कि मजबूत राष्ट्र के लिए लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी जरूरी है। मुखिया की हत्या हो गई लेकिन हमने मतदान किया क्योंकि पुलिस जांच और अंतिम संस्कार में व्यस्त हो जाने पर मतदान के लिए समय नहीं मिलेगा।



## तीन दशक में चार गुना बढ़ी शतायु आबादी

श्रीकंचनपथ




दुनिया भर में जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है। आंकड़ों में देखें तो पिछले तीन दशक में शतायु लोगों की संख्या 1990 से 2020 के बीच सवा लाख से बढ़कर पौने छह लाख हो गई। 2050 तक शतायु लोगों की संख्या 37 लाख से अधिक हो जाएगी। भारत भी इस दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। आज सर्वाधिक शतायु आबादी वाले शीर्ष पांच देशों में भारत चौथे पायदान पर है। सौ साल से अधिक जीने वालों की सर्वाधिक संख्या अमेरिका में है जहां 77 हजार लोग शतायु हैं। इसके बाद जापान का नंबर आता है जहां 61 हजार शतायु हैं। इसके बाद क्रमश: चीन में 48 हजार, भारत में 27 हजार तथा इटली में 25 हजार की आबादी शतायु है। वैसे कुल आबादी में शतायु की संख्या का अनुपात देखें तो तुलना केवल भारत और चीन में ही की जा सकती है। अमेरिका की आबादी 33 करोड़ है जिसमें से 0.27 प्रतिशत लोग शतायु हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार भारत की आबादी 142.86 करोड़ है जबकि चीन की आबादी 142.57 करोड़ की है। वहीं इटली की आबादी मात्र 5 करोड़ है। इस लिहाज से देखें तो संख्या के लिहाज से भले ही भारत शतायु आबादी की सूची के टॉप 5 में शामिल हो गया है पर प्रतिशत के मामले में वह अभी काफी पीछे है। शतायु लोगों की चर्चा आज इसलिए कि छत्तीसगढ़ में 2457 मतदाता ऐसे हैं जिनकी आयु सौ साल से ज्यादा है। अर्थात उन्होंने आजाद भारत के सभी चुनावों में हिस्सा लिया है। आज जिन सात सीटों के लिए मतदान हो रहा है उसमें भी शतायु लोगों की अच्छी खासी संख्या है। आज जहां मतदान हो रहा है उनमें सर्वाधिक 623 शतायु बिलासपुर में हैं। दूसरे क्रम पर 395 शतायु सरगुजा में हैं। इसके बाद रायपुर 334, रायगढ़ 249, कोरबा 215, जांजगीर चांपा 191 तथा दुर्ग 167 का नम्बर आता है। केन्द्र सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवा देने की तैयारी कर रही है। यह सुविधा एपीएल, बीपीएल सभी को मिलेगी। ऐसा लग सकता है कि इनकी देखभाल के लिए सरकार को अच्छा खासा बजट प्रावधान करना पड़ेगा मगर आंकड़े बताते हैं कि 90 फीसदी शतायु कभी गंभीर रूप से बीमार नहीं पड़े। कभी अस्पताल में भर्ती नहीं हुए। उनका खान-पान और रहन-सहन सादा है। वे भोजन और विश्राम के नियमों का कड़ाई से पालन करते हैं। अच्छी बात यह है कि देश में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। लोग अपने वजन को लेकर सतर्क हुए हैं। मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं को लेकर भी वे पहले से कहीं ज्यादा सतर्क हैं। पर चिंता का विषय यह कि यही बात युवा आबादी को लेकर नहीं कही जा सकती। उनमें हृदय रोग और मधुमेह जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं जो पहले केवल 45 पार की आबादी में देखी जाती थीं।




## संपादकीय

### स्कूलों को धमकी

दिल्ली की तरह अहमदाबाद में भी पुलिस ने पूरी सतर्कता बरती और खतरे को किसी भी आशंका के समाधान के तमाम प्रबंध किए। अहमदाबाद में भय पैदा करने की यह साजिश तब सामने आई है, जब गुजरात में आज मतदान होने जा रहा है। क्या कोई ऐसा आतंकी संगठन है, जो भारत में चुनाव के समय किसी कारस्तानी को अंजाम देना चाहता है? यह विशेष रूप से ध्यान देने की बात है कि इस बार भारत में चुनाव बेहद शांतिपूर्ण माहौल में हो रहे हैं। ऐसे में, स्कूलों को निशाना बनाने की धमकी के निहितार्थ को समझना मुश्किल नहीं है।

> पहली मई को जैसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्कूलों को बम की धमकी वाले ई-मेल मिले थे, ठीक उसी तरह अहमदाबाद के स्कूलों को भी ई-मेल मिले हैं। सप्ताह भर में यह दूसरी बार है, जब स्कूलों को निशाना बनाने की धमकी मिली है। पहले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कम से कम 200 स्कूल निशाने पर थे और सोमवार को अहमदाबाद के कम से कम 7-8 स्कूलों को दहशत में लाने की साजिश हुई है।

खैर, साइबर क्राइम, अहमदाबाद की पुलिस उपायुक्त ने प्राथमिक जांच के आधार पर जो इशारा किया है, उसके अनुसार, धमकी भरे ई-मेल रूस से आए हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्कूलों को भी रूस से ही धमकियां मिली थीं। मतलब, 1 मई और 6 मई को धमकी देने वाले आतंकी एक ही समूह के हो सकते हैं। अहमदाबाद के स्कूलों में तमाम तरह से सुरक्षा जांच कर ली गई है, पर आगामी दिनों में भी तमाम स्कूलों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। पता नहीं, किस देश में छिपकर कायर आतंकी अपराध को अंजाम दे रहे हैं? स्कूलों को निशाना बनाने के बारे में सोचने वाले हैवानों को जल्द से जल्द शिकंजे में लाना चाहिए। कथित डार्क वेब का हवाला दिया जा रहा है, जहां छिपे हुए किसी तथ्य को खोजना बहुत मुश्किल होता है, पर यह काम नामुमकिन नहीं है। तकनीक के विशेषज्ञों का यह कर्तव्य है कि वे धमकी के मूल स्रोत तक पहुंचें और भारत के दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए कठघरे में लाएं। साइबर अपराध विशेषज्ञ ई-मेल का विश्लेषण करने और उनकी उत्पत्ति का पता लगाने के लिए प्रभावित स्कूलों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मतदान के मद्देनजर स्कूलों ने उचित ही कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए हैं, तो कुछ ने अगली जानकारी मिलने तक स्कूलों को अस्थायी रूप से बंद करने का विकल्प चुना है। स्वयं स्कूलों को अपने स्तर पर सुरक्षा के लिए चौकस रहना चाहिए। बच्चों को भयभीत करने के बजाय सतर्क रहना सिखाना चाहिए। एक सतर्क समाज ही अपनी मुकम्मल सुरक्षा सुनिश्चित कर पाता है।

अगर धमकियां फर्जी हैं, तब भी ये बहुत गंभीर हैं। इनकी पूरी पड़ताल से ही आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है। खुफिया अधिकारियों और सुरक्षा अधिकारियों के साथ ही साइबर विशेषज्ञों के लिए भी यह एक बड़ी चुनौती है। अगर विदेश में बैठकर कोई धमका रहा है और उसकी हरकतों को हम रोक न पाएं, तो इससे दूसरे अपराधियों का भी दुस्साहस बढ़ेगा। दूसरी ओर, हमारे स्कूलों को भी सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रबंध सीखने पड़ेंगे। स्कूल में सीढ़ियों, गलियारों, भवनों, कक्षाओं, पानी, बिजली की गुणवत्ता को परख लेना चाहिए। स्कूलों के संसाधन और सुरक्षा पर सरकारों को भी निवेश बढ़ाने की जरूरत है। प्राथमिक रूप से यह स्कूलों की जिम्मेदारी है कि वे अपने छात्रों की सुरक्षा से कोई समझौता न करें।

**नजरिया**

> भारतीय जनता पार्टी ने दक्षिण भारत में चुनावी लाभ का जो सपना देखा था, वह कर्नाटक के बदले घटनाक्रम से जैसे घिरता हुआ दिख रहा है। पिछली बार प्रदेश की 28 में से 25 सीटें जीतने वाली भाजपा को इस बार बड़ी जीत के लिए ज्यादा जोर लगाना पड़ रहा है।

# कर्नाटक की राह में रेवन्ना मोड़

एस श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार




सबकी जुबान पर सवाल है कि क्या पेन-ड्राइव सेक्स स्कैंडल और लिंगायत समाज (उत्तरी कर्नाटक में भगवा दल का पारंपरिक वोट बैंक) में उत्साह की कमी से भाजपा की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है?

दरअसल, जनता दल (सेक्युलर) के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना का सेक्स स्कैंडल एक अप्रत्याशित झटके की तरह पार्टी के सामने आया है। एनडीए के बड़े नेता रेवन्ना के विदेश भागने के लिए सूबे की सिद्धारमैया सरकार पर उंगली उठाकर विवाद से बचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह मसला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। जैसे-जैसे विशेष जांच दल (एसआईटी) की कार्रवाई आगे बढ़ रही है, गौड़ा परिवार के अंदर की सड़ांध बाहर आ रही है। जनता दल (सेक्युलर) के लिए शर्मिंदगी की बात यह भी है कि पुलिस ने प्रज्वल के पिता और परिवार के बड़े बेटे एचडी रेवन्ना को, जो खुद भी विधायक हैं, एक पीड़िता के अपहरण के आरोप में गिरफ्तार किया है। वह रेवन्ना परिवार की घरेलू सहायिका थी और कहा जाता है कि परिवार का राज न खुले, इसलिए उसे एक फॉर्म हाउस में बंधक बनाकर रखा गया था। साफ है, अपने दादा की पारंपरिक लोकसभा सीट 'हासन' से एक और कार्यकाल की उम्मीदें पालने वाले प्रज्वल रेवन्ना ने अपने कारनामे से पूरे परिवार को बेतहाशा दुख और शर्मिंदगी में डुबो दिया है।

उल्लेखनीय है, पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने अपनी बढ़ती उम्र (वह 90 साल से अधिक आयु के हैं) की परवाह किए बिना जोरदार प्रचार किया था और मतदाताओं से अपने पोते को एक और मौका देने की भावनात्मक अपील की थी। दूसरे चरण के चुनाव-प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रज्वल और एचडी देवेगौड़ा के साथ मंच साझा किया था। हालांकि, जब यह स्कैंडल सामने आया, तब तक कर्नाटक में पहले चरण की 14 सीटों के लिए चुनाव हो चुके थे, लेकिन इसका असर शेष 14 निर्वाचन क्षेत्रों पर पड़ने की आशंका है, जो कर्नाटक के उत्तरी हिस्से की सीटें हैं। पहले चरण का मतदान राज्य के दक्षिणी हिस्से में हुआ था, जहां वोक्कालिगा समुदाय प्रभावी है और देवेगौड़ा का पारंपरिक वोटर है।

कर्नाटक में भाजपा ने यह सोचकर जनता दल (सेक्युलर) के साथ गठबंधन किया था कि इससे उसे लाभ मिलेगा। मगर रिपोर्टों के मुताबिक, वोक्कालिगा समुदाय के ही डीके शिवकुमार (उप-मुख्यमंत्री) की मदद से कांग्रेस यहां भाजपा को टक्कर दे रही है। इसीलिए माना जा रहा है कि इस बार 2019 की तरह भाजपा को आसानी से शायद ही सफलता मिल सकेगी। विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित जीत हासिल करने वाली कांग्रेस ने भाजपा पर दबाव बनाए रखा है। उसने अपने जमीनी कार्यकर्ताओं में एक नई जान फूंक दी है और अपने सभी विधायकों-मंत्रियों अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में वोट हासिल करने का लक्ष्य दे दिया है।

एनडीए नेताओं ने यह कहकर मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया है कि समय पर कार्रवाई करने में सिद्धारमैया सरकार विफल रही और प्रज्वल को विदेश भागने का मौका मिल गया। मगर इसका उल्टा असर तब हुआ, जब प्रज्वल के एक पूर्व ड्राइवर का विस्फोटक वीडियो वायरल हो गया। उस ड्राइवर ने कहा कि 15 साल तक परिवार की सेवा करने के बाद उसने एक वर्ष पहले नौकरी छोड़ दी। उसका दावा है कि उसने पेन ड्राइव की एक कॉपी स्थानीय भाजपा नेता देवराज गौड़ा को दी थी, किसी कांग्रेस नेता को नहीं। देवराज ने दिसंबर में इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी और रेवन्ना की उम्मीदवारी का भी वह कड़ा विरोध करते रहे। देवराज के मुताबिक, उन्होंने इस वीडियो की जानकारी भाजपा के राज्यस्तरीय नेताओं के साथ-साथ कई केंद्रीय मंत्रियों को भी दी थी। जाहिर है, इससे कांग्रेस को प्रधानमंत्री व गृह मंत्री को घेरने का पूरा मौका मिल गया है कि उन्होंने समय पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की?

इस मामले के जल्द समापन की संभावना नहीं दिखती, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि कई अन्य नेता भी इसमें शामिल हैं। जनता दल (सेक्युलर) मानो धराशायी होने जा रहा है, क्योंकि हालिया विधानसभा चुनाव में हार के बाद अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के आखिरी प्रयास के तहत इसने भाजपा से चुनावी गठबंधन किया था। देवेगौड़ा के छोटे बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने, जो पार्टी का नेतृत्व भी कर रहे हैं, प्रज्वल को पार्टी से निलंबित कर दिया है। अब देखना यह है कि उनके पिता व कुमारस्वामी के बड़े भाई एचडी रेवन्ना पर कोई गाज गिरती है या नहीं? ऐसा इसलिए भी, क्योंकि देवेगौड़ा की सियासी विरासत को लेकर परिवार में मतभेद रहे हैं।

इस बीच, लिंगायतों के प्रभुत्व वाले उत्तर कर्नाटक में भाजपा को अपनी सीटें बरकरार रखने की उम्मीद है, क्योंकि 2019 के चुनाव में उसे अभूतपूर्व समर्थन मिला था। मगर ऐसा लगता है कि लिंगायत नेता संघ की बातों को मानने को तैयार नहीं दिखते। इनमें बीएस येदियुरप्पा भी शामिल हैं। वे एक स्वतंत्र समुदाय होने पर गर्व महसूस करते हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी इस समुदाय के साथ अपने संबंध बढ़ाए हैं। लिंगायतों के एक बड़े उप-संप्रदाय पंचमसाली का भी एक हिस्सा एनडीए से नाराज बताया जा रहा है। दरअसल, इस समुदाय के भीतर आरक्षण की मांग को हवा देकर इन्हें बांटने का कोशिश हुई थी।

इन सबने कर्नाटक में भाजपा की आसान राह मुश्किल बना दी है। इसी कारण यह माना जा रहा है कि पार्टी के लिए 2019 के प्रदर्शन को दोहरा पाना बहुत महत्वपूर्ण होगा। जनता दल (सेक्युलर) में आसन्न टूट से भारतीय जनता पार्टी को मदद मिल सकती है, क्योंकि ऐसी सूरत में कर्नाटक दो दलों वाले राज्य में बदल सकता है, जिसके एक छोर पर भगवा पार्टी, तो दूसरे पर कांग्रेस हो सकती है। मगर भाजपा की तात्कालिक चिंता मौजूदा आम चुनाव जीतने की है, क्योंकि कर्नाटक के नतीजे दक्षिण भारत के बाकी राज्यों में मिलने वाले सियासी फायदे पर भी असर डालेंगे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## अपेक्षाकृत कम मतदान होने के मायने

अवधेश कुमार

लोकसभा चुनाव के प्रथम एवं दूसरे चरण में लगातार मतदान की गिरावट चिंता का विषय बनी है, तो यह स्वाभाविक ही है। अब तक 12 राज्यों (केरल, राजस्थान, त्रिपुरा, तमिलनाडु, उत्तराखंड, अरुणाचल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम) तथा तीन केंद्र शासित प्रदेशों (अंडमान, लक्षद्वीप और पुद्दुचेरी) का मतदान संपन्न हो चुका है। राष्ट्रीय स्तर पर देखें, तो औसत मतदान में गिरावट नहीं है। राज्यों एवं राज्यों के अंदर संसदीय क्षेत्रों में भी मतदान प्रतिशत कहीं ठीक है, तो कहीं गिरा है। अगर दोनों चरणों के 190 सीटों पर 2019 के मतदान प्रतिशत से तुलना करें, तो लगभग दो प्रतिशत की गिरावट ही दिखती है। दूसरे चरण में लगभग 68.49 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 में 70.05 प्रतिशत से ज्यादा हुआ था। त्रिपुरा में सर्वाधिक 79.66 प्रतिशत लोगों ने मताधिकार का उपयोग किया, तो मणिपुर में 78.78 प्रतिशत ने।

असम में 2019 में 76.45 की जगह 77.35, छत्तीसगढ़ में 75 प्रतिशत की जगह 75.16, कर्नाटक में 68.21 की जगह 68.47, केरल में लगभग 80 की जगह 70.21, बिहार में करीब 60 की जगह 56.81, मध्य प्रदेश में 67.75 की जगह 58.26, महाराष्ट्र में 61.93 की जगह 59.63, पश्चिम बंगाल में 80 की जगह 73.78 और उत्तर प्रदेश में 62. 39 की जगह 54.8 प्रतिशत मतदान हुआ। मध्यप्रदेश में नौ तथा उत्तर प्रदेश में आठ प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट असाधारण है। निश्चित रूप से इन दो चरणों ने मतदान की प्रवृत्तियों का आकलन कठिन बना दिया है। अभी तक 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। वर्तमान मतदान को देखते हुए तत्काल यह मानना होगा कि उससे आगे बढ़ने की संभावना नहीं है। जब एक बार कोई भी प्रवृत्ति ऊंचाई छूती है, तो उसके बाद उसे नीचे आना ही पड़ता है। हालांकि राजनीतिक दलों की प्रतिस्पर्धा और जन जागरूकता को देखते हुए मतदान प्रतिशत में निस्संदेह वृद्धि होनी चाहिए थी। आगे के दौर में सभी कोशिश करें कि ज्यादा से ज्यादा मतदान हो, किंतु राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट को देखकर ज्यादा निराश होने का कोई कारण नहीं है।

नागालैंड में मतदान प्रतिशत ज्यादा गिरा क्योंकि छह जिलों में ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स फ्रंट ने अलग राज्य की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। ऐसे में मतदान प्रतिशत गिरना ही था। इसे मतदान की प्रवृत्ति नहीं मान सकते। करीब डेढ़ दशक पहले मतदान घटने का अर्थ सत्तारूढ़ घटक की विजय तथा बढ़ने का अर्थ पराजय के रूप में लिया जाता था और प्रायः ऐसा देखा भी गया। किंतु 2010 के बाद प्रवृत्ति बदली है। मतदान बढ़ने के बावजूद सरकारें वापस आयी हैं और घटने के बावजूद गयी हैं। इसलिए इसके आधार पर कोई एक निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। दूसरे, हर जगह मतदान प्रतिशत ज्यादा गिरा भी नहीं है। तीसरे, बंगाल में साफदिख रहा है कि दोनों पक्षों के मतदाताओं में प्रतिस्पर्धा है। उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर बहुत ज्यादा गिरावट नहीं है, किंतु ज्यादातर में कमी आयी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत घटना सामान्य स्थिति का परिचायक नहीं है। इस क्षेत्र को जातिगत और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का विशेषण प्राप्त है, तो यह आकलन करना कठिन है कि जहां मतदान प्रतिशत गिरा, वहां किनके मतदाता नहीं आये। पिछले चुनाव में भाजपा के लिए यह चुनौतीपूर्ण क्षेत्र था तथा बसपा-सपा ने उसे गंभीर चुनौती दी थी।

अगर भाजपा विरोधी उसे हराना चाहते थे, तो उन्हें भारी संख्या में निकलना चाहिए। फिर भी यह कहना कठिन होगा कि भाजपा समर्थक मतदाता ही ज्यादा संख्या में नहीं निकले। समर्थक, कार्यकर्ता थोड़ा असंतुष्ट हों, तो इसका असर होता है, किंतु विरोधी तेजी से हराने के लिए निकले और इसके बावजूद वह प्रतिक्रिया न दें, इस पर विश्वास करना कठिन होता है। इससे इनकार करना कठिन है कि मतदाताओं की उदासीनता चुनाव में आरंभ से ही बनी हुई है। हालांकि विपक्ष के प्रचार के विपरीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को लेकर आम जनता के अंदर कहीं व्यापक आक्रोश या भारी विरोधी रुझान बिल्कुल नहीं दिखा है। पर कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों के एक समूह के असंतोष का कुछ असर हो सकता है। भाजपा नेतृत्व को इसका संज्ञान लेना चाहिए। हालांकि जिनके अंदर असंतोष है, उनमें भी यह भाव है कि अगर यह सरकार हार गयी, तो कहा जायेगा कि हिंदुत्व विचारधारा की हार हो गयी है। जिस जाति के विद्रोह की चर्चा है, वहां भी भाजपा, प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर सहानुभूति का भाव दिखता है। इसलिए यह मानने में भी कठिनाई है कि इन्होंने आक्रामक होकर भाजपा के विरोध में मतदान किया होगा।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# समूचा विश्व भयाक्रांत

> शांति के तमाम उपायों के बीच दुनिया भर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ खतरे की घंटी हैं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामों से समूचा विश्व भयाक्रांत है।

ललित गर्ग

हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिए आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही हैं। शक्ति संतुलन के लिए शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता क्योंकि इससे अपव्यय तो होता ही है, साथ ही गलत हथियारों के हाथों में पड़कर दुरुपयोग की आशंकाएं बढ़ जाती हैं।

ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, दूसरी तरफ इस्राइल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में सवाल स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल और भी हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है। स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले भी हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनिया भर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिंताजनक है।

रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में सर्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे। रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। इसके अलावा, पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन युद्ध ने देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है तो अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नम्बर पर हैं। पिछले 25 सालों में पहली बार अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा।

अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका ने दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिए जिस अपसंस्कृति को दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड ऑर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है।

लगता है कि 'विश्व मानव' का दम घुट रहा है, और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडंबना देखिए, अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है, लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी देश में नहीं हैं। कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोगों को मार डाला। 2014 में अमेरिका में हत्या के दर्ज सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद मामलों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।

दरअसल, मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना जरूरी है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक या दूसरे देश की जीत नहीं, बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिए कराया है। युद्ध से तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा जो दुनिया की बड़ी चिंता का सबब है। बड़े शक्तिसंपन्न देशों को युद्ध विराम के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निर्माता हैं, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसंपन्न देशों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की आशंकाएं मैदान में, समुद्र में, आकाश में तैरती रहेंगी।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

## छोटी सी योजना की शुरुआत


प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट अब व्हाट्सऐप संदेशों द्वारा जानकारी साझा करेगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की मौजूदगी के पिच्छत्तरवें वर्ष में यह छोटी सी योजना की शुरुआत की है। व्हाट्सऐप के रोजाना की जिंदगी में शामिल होने और इसके शक्तिशाली संचार सुविधा होने की बात भी उन्होंने की। इस पहल के अंतर्गत एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड तथा शीर्ष अदालत के समक्ष निजी तौर पेश होने वाले वादियों को मुकदमा ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेशों तथा निर्णयों के संबंध में जानकारी प्राप्त होगी।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसे क्रांतिकारी कदम बताते हुए इसकी सराहना की। प्रधान न्यायाधीश ने व्हाट्सऐप नम्बर साझा करते हुए स्पष्ट किया कि इस पर कॉल या संदेश प्राप्त नहीं होंगे। निस्संदेह यह सबसे बड़ी अदालत को पेपरलेस बनाने की तरफ उठा बड़ा कदम है। तकनीक संबंधी सुविधाओं को जितनी जल्दी हो सके रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल कर लेना उचित होता है। प्रधान न्यायाधीश निरंतर अदालती काम को लेकर ऐसी व्यवस्थाएं दे रहे हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट जजों में सबसे ज्यादा फैसले लिखने का रुतबा प्राप्त है। छह वर्ष के भीतर 513 फैसले लिख चुके हैं।

न्याय व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए समय-समय पर उन्होंने बड़े कदम उठाए हैं। विभिन्न फैसलों को उन्होंने क्षेत्रीय भाषा में अनुदित करवाने की व्यवस्था करके तथा हिन्दी, तमिल, उड़िया और गुजराती में फैसलों का अनुवाद करने के लिए समिति का गठन भी किया।

देश में 48 करोड़ से अधिक व्हाट्सऐप प्रयोगकर्ता हैं, जो 2025 तक 80 करोड़ तक पहुंचने का अंदाजा है। हालांकि व्हाट्सऐप मेटा टेक्नॉलाजी कंपनी की सुविधा है, जिसके सीईओ मार्क जकरबर्ग हैं। किसी भारतीय संचार संस्थान को इस जरूरत को समझते हुए आगे कदम बढ़ाने की सख्त जरूरत है।

सरकार, देश के अन्य बड़े संस्थान और गोपनीय दस्तावेज के लिए देसी तकनीक का प्रयोग किया जाना उचित है। तकनीक के मामले में हम दूसरों पर निर्भर होते जा रहे हैं। यह बड़ी चुनौती है। बावजूद इसके तकनीक का इस्तेमाल सुविधाओं के लिए करना वक्त की मांग है, इसके बिना काम नहीं चल सकता।




# जानलेवा लू का बढ़ता प्रकोप

पंकज चतुर्वेदी

जानलेवा लू का समय से बहुत पहले आ जाना देश के लिए बड़े खतरे की निशानी है। लू केवल इंसान के लिए शारीरिक संकट ही नहीं है, बल्कि निम्न वर्ग, खुले में काम करने वालों आदि के साथ-साथ किसान और मजदूर के लिए सामाजिक-आर्थिक रूप से भी विपरीत प्रभाव डालती है। इन दिनों मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, महाराष्ट्र और रायलसीमा क्षेत्र के कुछ हिस्सों सहित मध्य भारत के कई शहरों में जबरदस्त गर्मी पड़ रही है।

भारतीय मौसम विभाग के 150 से अधिक केंद्रों पर 28 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। साथ ही, लू और अत्यधिक गर्मी का असर उत्तर, पूर्वी एवं दक्षिणी राज्यों में देखा गया है। कई जगह तो समय से एक महीने पहले 28 मार्च को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग ने कहा है कि देश के अधिकांश इलाकों में अधिकतम तापमान धीरे-धीरे बढ़ने की संभावना है, जिससे आने वाले 45 दिन पश्चिम मध्य प्रदेश, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और विदर्भ सहित अलग-अलग इलाके लू की चपेट में हैं या होंगे। सौराष्ट्र और कच्छ, रायलसीमा, तमिलनाडु, पुद्दुचेरी, कराईकल एवं केरल और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में गर्म और आर्द्र स्थिति की भविष्यवाणी की गयी है। इस साल कई हिस्सों में मार्च में ही लू चलने लगी थी।

लू अर्थात हीट वेव आम तौर पर रुकी हुई हवा की वजह से होती है। उच्च दबाव प्रणाली हवा को नीचे की ओर ले जाती है। यह शक्ति जमीन के पास हवा को बढ़ने से रोकती है। नीचे बहती हुई हवा एक टोपी की तरह काम करती है। यह गर्म हवा को एक जगह पर जमा कर लेती है। हवा के चले बिना बारिश नहीं हो सकती है, गर्म हवा को और गर्म होने से रोकने के लिए कोई उपाय नहीं होता है। इंसान के शरीर का औसत तापमान 37 डिग्री सेल्सियस होता है।

जब बाहर तापमान 40 से अधिक हो और हवा में बिलकुल नमी न हो, तो यह घातक लू में बदल जाती है। शरीर का तापमान बढ़ने से शरीर का पानी चुकने लगता है और इसी से चक्कर आना, कोमा में चले जाना, बुखार, पेट दर्द, मितली आदि के रूप में लू इंसान को बीमार करती है। शरीर में पानी की मात्रा कम होने से मौत हो सकती है। हमारा तंत्र जानता है कि आने वाले दिनों में गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ना ही है। चार साल पहले पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा तैयार पहली 'जलवायु परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्ट' में आगाह किया गया है कि 2100 के अंत तक भारत में गर्मियों (अप्रैल-जून) में चलने वाली लू या गर्म हवाएं तीन से चार गुना अधिक हो सकती हैं। घनी आबादी वाले गंगा नदी बेसिन के इलाकों में इसकी मार ज्यादा तीखी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि गर्मियों में मानसून के मौसम के दौरान 1951-1980 की अवधि की तुलना में 1981-2011 के दौरान 27 प्रतिशत अधिक दिन सूखे दर्ज किये गये।

इसमें चेताया गया है कि बीते छह दशक के दौरान बढ़ती गर्मी और मानसून में कम बरसात के चलते देश में सूखाग्रस्त इलाकों में इजाफा हो रहा है। खासकर मध्य भारत, दक्षिण-पश्चिमी तट, दक्षिणी प्रायद्वीप और उत्तर-पूर्वी भारत के क्षेत्रों में औसतन प्रति दशक दो से अधिक अल्प वर्षा और सूखे दर्ज किये गये। संभावना है कि अल्प वर्षा की आवृत्ति में भी औसतन वृद्धि हो सकती है।

अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से तैयार जलवायु पारदर्शिता रिपोर्ट 2022 के अनुसार 2021 में भीषण गर्मी के चलते भारत में सेवा, विनिर्माण, खेती और निर्माण क्षेत्रों में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। गर्मी बढ़ने के प्रभाव के चलते 167 अरब घंटे के संभावित श्रम का नुकसान हुआ, जो 1999 के मुकाबले 39 प्रतिशत अधिक है। इस रिपोर्ट के अनुसार तापमान में डेढ़ फीसदी इजाफा होने पर बाढ़ से हर साल होने वाला नुकसान 49 प्रतिशत बढ़ सकता है। चक्रवात से होने वाली तबाही में भी इजाफा होगा. लैंसेट काउंट डाउन की रिपोर्ट कहती है कि भारत में 2000-2004 और 2017-2021 के बीच भीषण गर्मी से होने वाली मौतों की संख्या में 55 प्रतिशत का उछाल आया है। बढ़ते तापमान से स्वास्थ्य प्रणाली पर हानिकारक असर हो रहा है।

कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन ने भारत में एक लाख लोगों के बीच सर्वे कर बताया है कि गर्मी/लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच फीसदी अधिक आर्थिक नुकसान होगा क्योंकि संपन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, पर गरीब ऐसा नहीं कर पाते। जिन इलाकों में लू से मौतें हो रही हैं, वहां गंगा और अन्य विशाल जल निधियों का जाल है।

इन इलाकों में हरियाली कम हो रही है तथा तालाब, छोटी नदियां आदि जल निधियां या तो उथली हैं या लुप्त हो गयी हैं। कंक्रीट के साम्राज्य ने भी गर्म हवाओं की घातकता को बढ़ाया है। यदि लू के प्रकोप से बचना है, तो परिवेश को पर्यावरण अनुकूल बनाने के प्रयास करने होंगे तथा काम के समय को बदलने की योजना बनानी होगी। मेहनतकश लोगों के लिए शेड, पंखे आदि की व्यवस्था के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवा जरूरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं। )**

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of
Musical Instrument
Sales & Repair
DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### समर कैंप में बच्चों को सिखाया जा रहा डांस के स्टेप

**कोरबा।** इंडस पब्लिक स्कूल- दीपका में समर कैंप पर बच्चे डांस एक्टिविटी में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। एरोबिक्स,कत्थक , वेस्टर्न आदि अनेक विधाओं में नृत्य की कलाएँ बच्चों को सिखाई जा रहीं हैं। नृत्य शिक्षिका श्रीमती रूमकी हलदर ने बताया कि डांस करने से न सिर्फ हमारा शरीर फिट रहता है अपितु हमारा मन भी स्वस्थ एवं तनाव रहित रहता है। समर कैंप में डांस प्रशिक्षण के लिए विशेष रुप से हरिशंकर सारथी एवं रूमकी मैडम लगातार विभिन्न प्रकार के नृत्यों का प्रशिक्षण समर कैंप में आए हुए बच्चों को दे रहे हैं। समर कैंप में अलग-अलग स्कूलों के बच्चों ने इंडस पब्लिक स्कूल- दीपका में अपना पंजीयन कराया है। बच्चे अपनी रुचि के अनुसार अलग-अलग कलाओं का प्रशिक्षण ले रहे हैं लेकिन जब बात करें डांस की तो बच्चों की पहली पसंद की सूची में डांस का नाम अवश्य आता है। विभिन्न एज ग्रुप के बच्चों को अलग-अलग रो-वाइज डिवाइड कर प्रशिक्षकों द्वारा डांस के अलग-अलग विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चों के उम्र एवं रुचि के अनुसार गीतों का चुनाव कर डांस के स्टेप बच्चों को बताया जा रहा है। बच्चे अपनी पसंद के गानों में जी भरकर झूमते हैं। डांस करते समय बच्चे खूब एंजॉय करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गुप्ता ने कहा कि डांस करने के अनेक फायदे भी है, डांस करने से एकाग्रता बढ़ती है और अनिद्राय डिप्रेशनय हाइपर टेंशन आदि होने की संभावना कम होती जाती है । डांस शरीर में लचीलापन लाता है जिससे ज्वांइट पेन में आराम मिलता है।

### मतदान के बाद मतपेटी को सुरक्षित जमा करने यातायात पुलिस ने पार्किंग प्लान तैयार किया

**दुर्ग।** पुलिस अधीक्षक दुर्ग, जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर दिनांक 7 मई को होने वाले मतदान के बाद शंकराचार्य कॉलेज ,जुनवानी मे मतपेटी जमा करने के दौरान होने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा पार्किंग प्लान तैयार किया गया है जो निम्नाअनुसार रहेगा। कॉलेज के मुख्य द्वार,गेट नंबर 1 से ऑब्जर्वर,ऋह्व, क्क्रह्व एवं वरिष्ठ अधिकारीगण के वाहन प्रवेश करेंगे। मतपेटी जमा करने में लगे अधिकारी/कर्मचारी , जिनको पूर्व से पास जारी हुआ है वे सभी अपने वाहन गेट नंबर 2 से प्रवेश कर बाये साइड स्थित कॉलेज पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे। सभी सेक्टर अधिकार अपने वाहन डी मार्ट के सामने मैदान में वाहन पार्क कर पैदल अंदर प्रवेश करेंगे। जुनवानी चौक से चिखली चौक तक एवं बाईपास रोड मे किसी भी प्रकार के वाहन मार्ग में खड़ा नहीं करेंगे। दिनांक 7 मई 2024 को इस क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। मतदान डुयुटी मे लगे अधिकारी /कर्मचारी को लेने आने वाले परिजन अपने वाहन डी मार्ट के पीछे खड़ा करेंगे। मतदान डुयुटी मे लगे अधिकारी /कर्मचारी को अपने वाहन लेने मानस भवन, साइस कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज जाने के लिये वाहन शाखा कंट्रोल रूम शंकराचार्य कॉलेज मे बस की सुविधा उपलब्ध रहेगी। धमधा, आहिवारा की ओर से आने वाले बस करहिडीह चौक से प्रवेश कर डी मार्ट के सामने वाहन खड़ा करेंगे। भिलाई नगर, पाटन, की ओर की ओर से आने वाले बस बाईपास से डी मार्ट कटिंग से प्रवेश कर डी मार्ट के सामने वाहन खड़ा करेंगे। दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रमीण की ओर की ओर से आने वाले बस धमधा नाका से बाईपास होते हुये डी मार्ट के सामने से प्रवेश कर डी मार्ट के सामने वाहन खड़ा करेंगे। वैशाली नगर की ओर से आने वाले बस जुनवानी चौक होते हुये डी मार्ट के सामने वाहन खड़ा करेंगे।

## कलेक्टर ने लू से बचने लोगों से की सावधानी बरतने की अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्दि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है, जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसे देखते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे ने लू से बचने आवश्यक सावधानी बरतने की अपील जिलेवासियों से की है। राजस्व व आपदा प्रबंध विभाग की ओर से भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है।



### लू के लक्षण :

सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना आदि लक्षण शामिल है।

### लू से बचाव के उपाय :

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यत: नमक की कमी हो जाना होता है। इसके लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाये। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले। पानी अधिक मात्रा में पिये। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ. आर. एस. घोल पिये। चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेय जल पिये, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से नि:शुल्क परामर्श ले। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले।

### लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार :

बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें, आंगनबाड़ी मितानिन तथा ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. की पैकेट के लिए संपर्क करें।

### क्या करें :

भीषण गर्मी में लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीये भले ही प्यास न लगे, मिर्गी या हृदय, गुर्दे या लीवर से संभावित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो या जिनको द्रव्य प्रतिधारण की समस्या है, उनको तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने। अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे- लस्सी, नींबू का पानी, छाछ आदि का सेवन करें।

### क्या न करें :

गर्मी के दौरान बाहर न जाएं। यदि आपको आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना है, तो दिन के शीतलन घंटों के दौरान अपनी सारणी निर्धारित करने का प्रयास करें। अत्यधिक गर्मी के घंटों के दौरान बाहर जाने से बचें विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे के बीच नंगे पैर या बिना चेहरे को ढ़के और बिना सिर ढ़ककर बाहर न जाएं।' व्यस्थतम समय (दोपहर) के दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने वाले क्षेत्रों (रसोई घरों) में दरवाजे और खिड़कियां खोल कर रखें, जिससे पर्याप्त रूप से हवा आ सके। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय, पीने से बचें जो शरीर को निर्जलित करते हैं। प्रोटीन, मसालेदार और तेलीय भोजन खानें से बचे, बासी खाना न खाएं। बीमार होने पर बाहर धूप में न जाएं, घर पर रहें।

### अन्य सावधानियां :

जितना हो सके घर के अंदर रहे, अपने घर को ठंडा रखें धूप से बचाव के लिए पर्दे, शटर का उपयोग करें और खिडकियां खोलें। निचली मजिलों पर बने रहने का प्रयास करें।' पंखो का उपयोग करें, कपड़ों को नम करे और अधिक गर्मी में ठंडे पानी में ही स्नान करें। यदि आप बीमार महसूस करते है उच्च बुखार, लगातार सिरदर्द, चक्कर आना, मतली या भटकाव, लगातार खासी, सांरा की तकलीफ है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं जानवरों को छाया में रखे।

## बीएसपी टीम ने फाइनल में बनाई जगह



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा, 3 मई 2024 को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में, अंतर जिला टी-20 सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित की गई थी। इस रोमांचक मुकाबले में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम ने, प्लेट कंबाइंड को 3 विकेट से हराकर अंतिम मैच पर अपनी जगह बना ली है।

अमनदीप खरे ने कप्तानी पारी खेलते हुए शानदार शतक बनाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। अमनदीप खरे सेमीफाइनल मैच के स्टार रहे, जिन्होंने सिर्फ59 गेंदों में 11 चैकों और 5 छक्कों के साथ 105 रन बनाए। प्लेट कंबाइंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 168 रन बनाये। 20 ओवर के बाद, अमित यादव ने 50 और आशुतोष सिंह 42 रन बनाए। बीएसपी की गेंदबाजी में विजय शर्मा ने 3 विकेट, देव आदित्य सिंह ने 2 विकेट, ऐश्वर्या मरिया और सौरभ खैरवार ने 1 विकेट प्राप्त किये। बीएसपी की बल्लेबाजी में, अमनदीप खरे ने 59 गेंदों में 11 चैकों और 5 छक्कों के साथ 105 रन बनाए, जबकि शुभम मौर्या ने 20 रन बनाये।

## शिक्षा मण्डल की हेल्पलाईन पर पूछा प्रश्न- तनाव हो रहा है, मेरा रिजल्ट क्या होगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 1 मई से 15 मई तक परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए टोल-फ्री नम्बर 18002334363 पर सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाईन टेली मानस टोल-फ्री नम्बर 14416 पर चौबीस घण्टे सातों दिन नि:शुल्क परामर्श दिया जा रहा है। टोल-फ्री हेल्पलाईन पर आज प्रश्न पूछा गया कि रिजल्ट कब तक आयेगा, फिक्स डेट बता सकते हैं क्या? तनाव हो रहा है, मेरा रिजल्ट क्या होगा? कितने नम्बर में पास होते है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा चिन्हाकिंत मनोवैज्ञानिक, चिकित्सकों, कैरियर काउंसलर द्वारा पूछे गए प्रश्नों और समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया।



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती रेणु जी पिल्ले के संरक्षण में एवं सचिव श्रीमती पुष्पा साहू के आदेशानुसार हेल्पलाईन नम्बर 18002334363 संचालित है। इस हेल्पलाईन पर राजस्थान, मध्यप्रदेश से भी कैरियर संबंधी और अपने बच्चों की पढ़ाई के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किए गए है। परीक्षा परिणाम के पूर्व विद्यार्थियों के मन में परीक्षा परिणाम के भय से होने वाले तनाव के प्रबंधन, कैरियर, विषय चयन संबंधी मार्गदर्शन के लिए आज मनोवैज्ञानिक, कैरियर काउंसलर तरूण कुकरेजा एवं डॉ. वर्षा वरवंडकर, मण्डल के उपसचिव श्री जे.के. अग्रवाल, नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार साहू के नेतृत्व में सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रीति शुक्ला द्वारा परीक्षार्थियों, अभिभावकों में परीक्षा परिणाम से पूर्व उनके मन में आने वाले विभिन्न प्रकार के प्रश्नों, समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। मण्डल के हेल्पलाईन नम्बर पर आज कुल 42 फोन कॉल आए। आगामी दिवस 07 मई को प्रात: 10.30 बजे से 01.30 बजे तक डॉ. स्वाती शर्मा एवं अपरान्ह 2 बजे से सायं 5 बजे तक श्री तरूण कुकरेजा मनोवैज्ञानिक, कैरियर काउंसलर, मनोचिकित्सक के द्वारा समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

## शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए यूटिलिटी जोन के बीएसपी अधिकारी एवं कर्मचारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में विगत दिनों आयोजित शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह में यूटिलिटी जोन से उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी ने की।

भिलाई इस्पात संयंत्र के ऐसे कार्मिक, जो अपने कार्यक्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों से ही सुरक्षा के सम्पूर्ण मापदंडों का पालन करते हुए,




कंपनी के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए अपने कार्य में नवीनता का प्रदर्शन करते है, उन्हें प्रबंधन द्वारा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

इस संदर्भ में आयोजित कार्यक्रम में, अति उत्तम कार्य प्रदर्शन के लिए, सहायक महाप्रबंधक मनीष प्रकाश होरो को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चीफ मास्टर आपरेटर चैन दास टड़न एवं आपरेटर सह तकनीशियन मोहम्मद पैगम्बर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक मोहम्मद नदीम खान, महाप्रबंधक एम वी बाबू, महाप्रबंधक एस के क्षत्री, महाप्रबंधक सुमंत भट्टाचार्जी उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों ने पुरस्कार विजेताओं को प्रवीणता प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और कार्मिक के जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया एवं पुरस्कार विजेताओं के कार्यस्थल में योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को सराहा। कार्यक्रम की मेजबानी कार्मिक अधिकारी- उप प्रबंधक गिरीश कुमार मढ़रिया ने की। इस कार्यक्रम का संचालन कार्मिक मिहिर मनोहर, एमटीए (कार्मिक) द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन संतोष कुमार कटहरे द्वारा किया गया।

## एसईआरबी प्रायोजित मैकेनिक्स एंड मटेरियल्स फॉर बायोमेडिकल एप्लीकेशंस पर आयोजित कार्यशाला सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में दिनांक 30 अप्रैल से 6 मई तक मैकेनिक्स एंड मटेरियल्स फॉर बायोमेडिकल एप्लीकेशंस पर आयोजित हाई एंड वर्कशॉप (कार्यशाला) का समापन हुआ ।

यह वर्कशॉप साइंस × इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड (एसईआरबी), भारत सरकार द्वारा प्रायोजित थी। इस वर्कशॉप में पूरे देश से 25 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें से भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, आईआईआईटी बीएचयू, आईआईआईटी दिल्ली , एनआईपीईआर, एमएनएनआईटी जैसे भारत के प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों के 33 सत्र आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम



में प्रैक्टिकल और ट्रेनिंग सेशन भी आयोजित हुए। समापन कार्यक्रम में डीन (आर × सी) डॉ. पी दीवान, चेयरमैन सीईसी डॉ. शुभोजित घोष, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के हेड डॉ. बिकेश कुमार सिंह, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. निशांत के. सिंह, डॉ. एम. मारीस्वरन , फैकल्टी और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

डॉ. पी. दीवान ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रतिभागियों को बधाई दी और आयोजन की सफलता के लिए समन्वयकों को बधाई देते हुए कहा कि बायोमेडिकल विभाग एक जीवंत विभाग है, जिसने हमेशा अच्छे शोध कार्यों पर काम किया है, साथ ही प्रत्येक प्रतिभागियों के अच्छे भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उन्हें इस कार्यशाला से अच्छा अनुभव प्राप्त हुआ होगा जिसका प्रयोग वो भविष्य में कर सकेंगे।

डॉ. निशांत सिंह ने पिछले 7 दिनों की कार्यशाला के बारे में जानकारी दी। इसके बाद डॉ. बिकेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी को बधाई दी, और आशा जताई कि यहां जो कुछ भी सीखा है उसे सभी प्रतिभागी अपनाएंगे और सार्थक बनाएंगे। इस सात दिवसीय कार्यक्रम के दौरान डॉ संजय राय , आईआईआईटी बीएचयू द्वारा कार्डियो वेस्कुलर बायोमैकेनिक्स और सीएसआईओ, चंडीगढ़ के डॉ विनय मीणा द्वारा एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग एप्लीकेशन इन बायोमैकेनिक्स पर जानकारी दी। अंत में फीडबैक सत्र आयोजित हुआ जहां प्रतिभागियों ने कार्यशाला के अपने अनुभव साझा किए और इसके बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन डॉ. एम. मारीस्वरन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।




## खास खबर...



### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने किया मतदान, मतदाताओं से मतदान करने की अपील की

**रायपुर (ए.)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज सवेरे रायपुर के धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। उन्होंने और उनकी मां श्रीमती अनिता बाबासाहेब कंगाले ने आम मतदाताओं की तरह लाइन में लगकर मतदान किया। वे मतदान शुरू होने के 15 मिनट पूर्व ही अपने मतदान केंद्र पहुंच गई थीं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने मतदान केंद्र में मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा भी लिया। धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। श्रीमती कंगाले ने इस दौरान लोगों से अपने परिवार के सभी मतदाताओं सहित मतदान अवश्य करने की अपील की। उन्होंने लोकतंत्र के इस त्योहार में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी के लिए 'छोड़कर सारे काम सबसे पहले करें मतदान' का संदेश दिया।

वहीं संभागायुक्त डॉ संजय अलंग ने आज



सपत्नीक पुरैना मतदान केंद्र पहुँच कर वोट डाला। उन्होंने पुरैना प्राथमिक शाला भवन में स्थापित मतदान केंद्र में सुबह सबसे पहले पहुँच अपने मताधिकार का प्रयोग किया । इस दौरान डॉ अलंग की पत्नी श्रीमती सुमिता अलंग ने भी वोट मतदान किया। संभागायुक्त ने मतदान के बाद सेल्फी जोन में फोटो भी ली। डॉ. अलंग ने सभी मतदाताओं से मतदान की अपील भी की है। उन्होंने मतदान केंद्र पर लोगों से बात की और केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मतदान करने आये लोगों ने छाया, पानी, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, मतदाताओं को बैठने की व्यवस्था की सराहना की।

राज्य के संस्थाओं को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में यह एक मील का पत्थर होगा साबित- उच्च शिक्षामंत्री

# पीएम-उषा के तहत विवि-कॉलेजों की बेहतरी के लिए 214 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा मंत्री के प्रयासों के बाद उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत राजकीय विश्वविद्यालयों एवं शासकीय महाविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण हेतु केन्द्र प्रवर्तित योजना राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) वर्तमान में PM-USHA के तहत 214 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृति प्रदान हुई है।

आयुक्त, उच्च शिक्षा, सह परियोजना संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय श्रीमती शारदा वर्मा द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार भारत सरकार से PM-USHA योजना अंतर्गत संस्थावार स्वीकृत कार्यों का अनुमोदन माह मार्च 2024 में प्राप्त हुआ है।

माह मार्च 2024 में परियोजना सलाहकार मंडल की बैठकों में परीक्षण उपरांत राज्य की निम्नानुसार संस्थाओं को PM-USHA योजना के विभिन्न घटकों में अनुदान राशि स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

पीएम-उषा PM-UShA



छत्तीसगढ़ में मल्टी एजुकेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटीज के तहत नवीन निर्माण, रिनोवेशन / उन्नयन कार्य, फर्नीचार एवं उपकरण नवीन सुविधाएँ विकसित करना तथा सॉफ्ट स्क्रिस सुविधा विकसित करने के लिए शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर को 100 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए।

विश्वविद्यालयों को मजबूत करने के लिए अनुदान के तहत नवीन निर्माण, रिनोवेशन / उन्नयन कार्य, फर्नीचार एवं उपकरण, नवीन सुविधाएँ विकसित करना तथा सॉफ्ट स्क्रिस सुविधा विकसित करने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर को 20 करोड़ रुपए, पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर को 20 करोड़ रुपए प्रदान स्वीकृत किए गए।

विद्यालयों को मजबूत करने के लिए अनुदान के तहत विभिन्न कार्यों हेतु स्वर्गीय दौलत राम शर्मा शासकीय पीजी महाविद्यालय, कसडोल को करीब 5 करोड़ रुपए, शासकीय काकतीय पीजी महाविद्यालय, जगदलपुर को 5 करोड़ रुपए, शासकीय मदनलाल शुक्ला महाविद्यालय, सीपत को 5 करोड़ रुपए, बीसीएस शासकीय पीजी महाविद्यालय, धमतरी को 5 करोड़ रुपए, इंदिरा गांधी शासकीय पीजी महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई को 5 करोड़ रुपए, शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय, राजिम को लगभग 5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा है कि, 214 करोड़ से ज्यादा की राशि स्वीकृत होने से राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों का उन्नयन होगा। जिससे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को काफी लाभ होगा। राज्य के संस्थाओं को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में यह एक मील का पत्थर साबित होगी।

# फूड ग्रेड महुआ संग्रहण में वनमंडल मनेन्द्रगढ़ अव्वल

## हर ग्रामीण के यहाँ औसतन 5-10 महुआ पेड़

**रायपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ में महुआ आदिवासियों का एक महत्वपूर्ण आय का श्रोत होता हैं। ग्रामीण परंपरागत रूप से महुआ को गर्मी में पेड़ के नीचे बिनने का काम करते रहे है। इसमें धूल, कंकड़ और कचड़ा लगा महुआ मिलता है जिसकी उन्हें 30-35 रुपए प्रति किलोग्राम बाजार में दर प्राप्त होता है। एक महुआ पेड़ से ग्रामीणों को औसतन 2 क्विंटल तक का महुआ संग्रहण हो जाता है जिससे उन्हें लगभग 6-8 हज़ार तक की कमाई हो जाती है। हर ग्रामीण के यहाँ औसतन 5-10 महुआ पेड़ होते है।

फूड ग्रेड महुआ के संग्रहण में चयनित कृषकों के वृक्षों पर नेट बांधकर साफ़सुथरा महुआ एकत्र किया जाता है। नेट के उपर गिरने वाले महुआ फूल को कैरेट में एकत्र कर सोलर ड्रायर में सुखाकर, महुआ क्लीनिंग मशीन में डालकर साफ होने के उपरांत प्राप्त महुआ को पीटर सूपा के माध्यम से जीरा को निकाला जाता है। इससे प्राप्त महुआ को फूड ग्रेड महुआ कहा जाता है जिसकी कीमत 70-140 रुपए प्रति किलोग्राम तक लघुवनोपज संघ ने दर निर्धारण किया है। मनेंद्रगढ़ वनमण्डल में यह कार्य वन धन विकास केन्द्र कठौतिया एवं जनकपुर में संपादित होता है। सोलर ड्रायर में सूखने के उपरात प्राप्त फूड ग्रेड महुआ फूल खाने योग्य होता है। जिसे लघु वनोपज संघ द्वारा ग्रेड 'ए' 145/- प्रति किलोग्राम एवं ग्रेड 'ब' 115/- प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय किया जाता है।

साथ ही महुआ पेड़ों के नीचे नेट बांधकर महुआ फूल संग्रहण करने पर तेज गर्मी के मौसम में एक-एक महुआ फूल एकत्र करने के मेहनत से संग्राहक बच जाते है । महुआ फूल का संग्रहण करना




आसान हो जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनेंद्रगढ़ वनमंडल में 121 महुआ हितग्राहियों के द्वारा 321 महुआ वृक्षों के नीचे नेट बांधकर फूड ग्रेड महुआ एकत्र किया गया। इस व्यवस्था को लेकर ग्रामीण जन बहुत उत्साहित थे एवं आगामी वर्षो में अधिक संख्या में हितग्राही नेट के माध्यम से फूड ग्रेड महुआ फूल संग्रहण करने के लिए तैयार हुए है। फूड ग्रेड महुआ संग्रहण के दौरान पेड़ों में नेट बांधने, संग्रहण, परिवहन, ड्रायर में सुखाने, बोरा भर्ती एवं जीरा निकालने के कार्य से स्व-सहायता समूंहो को अतिरिक्त रोजगार प्राप्त हुआ।

संग्रहित फूड ग्रेड महुआ फूल को छ.ग.राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ रायपुर के द्वारा विदेश में विपणन करने की योजना है । जिससे शासन को भी अतिरिक्त लाभ हो सकता है। वर्ष 2024-25 में संपूर्ण छग राज्य मे संग्रहित फूड ग्रेड महुआ फूल 629.210 क्विंटल में से फूड ग्रेड महुआ फूल 445.07 क्विंटल का संग्रहण केवल मनेन्द्रगढ़ वनमंडल द्वारा किया गया है। वनमंडल मनेन्द्रगढ़ फूड ग्रेड महुआ फूल संग्रहण कार्य में इस वर्ष भी प्रथम पायदान पर रहा। भले ही अभी फूड ग्रेड महुआ का मात्रा कम है पर आगामी वर्षों में ये पद्धति से महुआ संग्रहण पर और ज्यादा जोर दिया जाएगा ताकि ग्रामजनों को और ज्यादा कीमत मिल सके और ज्यादा रोजगार भी।

जिला यूनियन मनेन्द्रगढ़ की प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति भौंता, बेलबहरा, घुटरा, कछौड़, केल्हारी, बेलगांव, जनुंवा एवं माड़ीसरई के अंतर्गत फूड ग्रेड महुआ फूल (कच्चा महुआ) का नेट के माध्यय से संग्रहण कराया गया। संग्राहको/कृषकों से 445.07 क्विंटल कच्चा महुआ फूल संग्रहित किया गया है । संग्रहण उपरांत महुआ फूल सोलर ड्रायर के माध्यम से सुखाया गया। महुआ फूल के संग्रहण पारिश्रमिक के रूप में कृषकों को राशि रूपये 445070.00 का भुगतान किया गया। सोलर ड्रायर में सुखाकर प्रसंस्करण का कार्य वन धन विकास केन्द्र जनकपुर एवं कठौतिया अंतर्गत संपादित किया जा रहा है । कच्चा महुआ फूल का प्रसंस्करण कार्य वन धन विकास केन्द्र जनकपुर एवं कठौतिया अंतर्गत स्व-सहायता समूंह के 20-20 महिलाओं सदस्यों द्वारा संपन्न किया गया है । समूंह की महिलाओं को माह अप्रैल 2024 से मई 2024 के मध्य 60 दिवस का रोजगार प्रदाय किया गया है । महिलाओं को प्रतिदिन 250.00 रूपये की दर से पारिश्रमिक भुगतान किया जावेगा। प्रसंस्करण उपरांत प्राप्त महुआ फूल 'ए' एवं 'बी' ग्रेड का बोरा भर्ती उपरांत एक्वाफुड एंड कोल्ड स्टोरेज, बिलासपुर बायपास, रिंग रोड नंबर 03 विधानसभा रोड गिरौद रायपुर में सुरक्षित भंडारण कराये जाने के निर्देश है।

# छत्तीसगढ़ में जून से बिजली का नया टैरिफ होगा लागू



### लग सकता है उपभोक्ताओं को बड़ा झटका

**रायपुर (ए.) ।** छत्तीसगढ़ में बिजली का नया टैरिफइस बार तय समय एक अप्रैल से लागू नहीं हो पाया। लोकसभा चुनाव के कारण चुनाव के नतीजे आने के बाद जून में नया टैरिफ जारी होगा। इसकी तैयारी बिजली कंपनी में चल रही है। प्रदेश के करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की बात यह है कि उनको नए सत्र में महंगी बिजली का झटका नहीं लगेगा, बाकी के उपभोक्ता वर्ग के लिए बिजली की दर बढ़नी तय मानी जा रही है।

पावर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को भेजे गए लेखा-जोखा में नए सत्र में 3,600 करोड़ के फायदे का उल्लेख किया है। लेकिन पुराना घाटा 7,775 करोड़ की भरपाई के लिए घरेलू को छोड़ बाकी वर्ग का टैरिफ बढ़ाया जाएगा। बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, वितरण कंपनी के साथ ही उत्पादन और ट्रांसमिशन कंपनी का भी पूरा लेखा-जोखा देखने के बाद ही आयोग तय करेगा कि कंपनी को वास्तव में खर्च के लिए कितने राजस्व की जरूरत है और बिजली बेचने से कितना राजस्व मिलेगा। साथ ही, पुराना घाटा कम करने के बाद उसकी पूर्ति के लिए कितने अतिरिक्त राजस्व की जरूरत पड़ेगी। इसमें आयोग अंतर की राशि की पूर्ति के लिए तय करेगा किस वर्ग के टैरिफमें कितना इजाफा किया जाए। आयोग पुराने घाटे को एक के स्थान पर इससे ज्यादा बार में भी पूरा करने का फैसला कर सकता है। ऐसा होने से टैरिफमें कम इजाफा होगा।

# राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा में 171 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

## जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के 229 विद्यार्थियों ने पास किया छात्रवृत्ति परीक्षा

**रायपुर (ए.)।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा आयोजित बहु प्रतिष्ठित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण छात्रवृत्ति परीक्षा में मोहला विकासखंड के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। विकासखंड के 53 पूर्व माध्यमिक शालाओं से 171 विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। वही जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी से कुल 229 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। राज्य स्तर पर 2246 विद्यार्थी इस परीक्षा को पास कर पाए हैं। पूर्व माध्यमिक शाला डुमरटोला से सर्वाधिक 23 बच्चे चयनित हुए है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला राजेन्द्र कुमार देवांगन ने बताया कि इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिमाह 1000 रुपए की छात्रवृत्ति कक्षा 9वी से 12वीं तक 4 वर्षो तक प्राप्त होती है। कक्षा 8 में अध्ययनरत शासकीय स्कूल के बच्चे इस परीक्षा को देते है। प्राप्त होने वाले इस छात्रवृत्ति से विद्यार्थियों को अपने आगे की पढ़ाई में सहयोग प्राप्त होता है। यह परीक्षा एनसीईआरटी निर्देशन में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से आयोजित किया जाता है। ज्ञात हो की पूर्व सत्र में भी मोहला विकासखंड से 207 विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे।

मोहला विकासखंड की इस सफलता पर कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे ने मोहला की टीम को बधाई प्रेषित किया है। इस उपलब्धि में खोमलाल वर्मा, नूतन साहू, दिनेश सिंह, राकेश देवांगन, जीवन नायक, राजकुमार यादव, मार्टिन मसीह, जितेंद्र पटेल, मलेश मालेकर व ब्लॉक के सभी संकुल समन्वयकों, प्रधान पाठकों तथा शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है।

मोहला विकासखंड में अधिकारियों एवं शिक्षकों के प्रयास से जिला खनिज न्यास के सहयोग द्वारा शिखर कोचिंग कार्यक्रम चलाया जाता है। जिसमें बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। समय-समय पर टेस्ट आयोजित किए जाते हैं। पढ़ने के लिए पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम के कारण सभी स्कूल स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में मोहला विकासखंड अव्वल रहा है।

## ब्रह्माकुमारीज समर कैम्प

# व्यक्तित्व विकास के लिए अपनी सोच को सकारात्मक बनाएं

**रायपुर (ए.)।** रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि अपने आचरण, व्यवहार और सोच को सकारात्मक बनाकर बुरी आदतों, व्यसनों आदि से स्वयं को मुक्त करना ही सच्चे अर्थों में व्यक्तित्व का विकास करना है। हमारे शारीरिक, बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास के लिए राजयोग की साधना बहुत ही उपयोगी है।

ब्रह्माकुमारी सविता दीदी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा मार्ग पर शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आयोजित समर कैम्प में जीवन में नैतिकता विषय पर बोल रही थीं। उन्होंने बच्चों को स्वयं में विशेषताएं भरकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बहुत ही उपयोगी सुझाव दिए।



उन्होंने कहा कि जैसे लोग अपने बाह्य स्वरूप को सजाने सँवारने के लिए ब्यूटी पार्लर में जाते है उसी प्रकार अपने आंतरिक स्वरूप को निखारने के लिए ऐसे पार्लर की आवश्यकता है, जहाँ अंतर्मन को दिव्य गुणों और मानवीय मूल्यों से सजाया जा सके। जीवन में सम्मान एवं आज्ञाकारिता का महत्व बतलाते हुए उन्होंने बच्चों से कहा कि हमें अपने बड़ों का आदर करना चाहिए तथा उनकी आज्ञा का पालन करना चाहिए इससे न केवल बड़े-बुजुर्गों की बल्कि भगवान की भी दुआएं मिलती हैं।

सविता दीदी ने आगे कहा कि हरेक बच्चे को जीवन में सफल होने के लिए अपना लक्ष्य अवश्य बनाना चाहिए। लक्ष्य निर्धारित करने से आगे बढने का मार्ग सुनिश्चित हो जाता है। इससे मन यहाँ-वहाँ भटकने की अपेक्षा शान्त चित्त होकर एक ही दिशा में अर्थात लक्ष्य को प्राप्त करने पर विचार करेगा। ऐसा करने से सफलता प्राप्त करना सहज हो जाएगा। जीवन में लक्ष्य नहीं बनाया तो उम्र में बड़े तो हो जाएंगे किन्तु सफल व्यक्ति नहीं कहलाएंगे।

उन्होने सभी बच्चों को व्यक्तिगत डायरी रखने का सुझाव देते हुए कहा कि एकान्त में बैठकर रोजाना उसमें अपने मन की बातें लिखने की आदत डालें। इससे मन हल्का रहेगा और आपकी कल्पनाशक्ति बढ़ जाएगी। अगर भाषा अच्छी होगी तो भविष्य में आप अच्छे लेखक या कवि भी बन सकते हैं।

# रायपुर के मतदान केंद्र बने आकर्षण का केंद्र, नींबू पानी सहित मेडिकल टीम की व्यवस्था

**रायपुर (ए.)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों को मतदाताओं के सुविधा अनुरूप तैयार किया गया है। मतदान दल आज नियत केंद्रों पर पहुँच गये हैं, बूथ पर पहुंचते ही सभी बूथ पर दल पर पुष्प वर्षा कर रोली चंदन लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

शहर के वन मंडल कार्यालय परिसर को सूखे पत्तों से ढंककर मतदाताओं के लिए छाँव की तैयारी की गई है।हरे भरे पत्तियों से मंडप की तरह परिसर को आकर्षक स्वरूप




दिया गया है। मतदान केंद्र में सभी के लिए समुचित पेयजल, नींबू पानी, विश्राम स्थल की सुविधा सहित चिकित्सा टीम भी उपस्थित रहेगी ताकि यहां पर पहुंचने वाले किसी भी मतदाता को गर्मी की वजह से समस्या न हो।

शासकीय कार्यालय को खस लगाकर ठंडक दी जा रही जिससे मतदाताओं को गर्मी से परेशान न होना पड़े। इस केंद्र में मतदान के दौरान एसी की भी सुविधा मिलने वाली है। घने बड़े पेड़ होने के कारण इस केंद्र में गर्मी का असर भी कम रहेगा। यहाँ बने विश्राम स्थल भी ख़ास है, जिसके पास ही पानी, चिकित्सा सुविधा व नींबू पानी भी उपलब्ध होगा।

हरीतिमा युक्त बनाकर इस केंद्र को आकर्षक बनाया गया है। विशाल वृक्ष के छाया तले बैठक व्यवस्था किए जाने से गर्मी से बचाव होगा। आदर्श मतदान केंद्र होने के कारण आकर्षक डिजाइन देकर स्वागत द्वार बने हैं, मतदान दौरान नि:शक्त, बुजुर्ग, महिला व अन्य वोटर्स को देर तक खड़ा न रहना पड़े, इसलिए कतार के साथ ही बेंच लगाये गये हैं, जिस पर बैठकर मतदाता अपनी बारी का इंतज़ार कर सकेंगे। आयुर्वेदिक कॉलेज, मायाराम सुरजन स्कूल, दिशा कॉलेज, शहीद स्मारक स्कूल सहित अन्य सभी मतदान केंद्र की तरह इन केंद्रों को भी व्यवस्थित कर मतदाताओं के सुगम मतदान हेतु पूरी तैयारी है। सुविधाजनक विश्राम स्थल, पेयजल, प्रसाधन की सभी सुविधाएं यहाँ भी सुलभ है।



















# एक महीने तक रोजाना पिएं टमाटर का जूस, वजन कम होने साथ इन बीमारियों से भी मिल जाएगा छुटकारा



जूस पीने के अपने ही फायदे होते हैं। आज हम फल का जूस नहीं बल्कि सब्जियों में लाल टमाटर के जूस पीने के फायदे के बारे में बात करेंगे। सब्जी के जूस की सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि इसमें काफी ज्यादा मात्रा में फाइबर होता है जो शरीर की कई सारी छोटी-मोटी बीमारियों से निजात दिलाता है।

टमाटर के जूस में विटामिन ए, सी, के और पोटेशियम भरपूर मात्रा में मिलता है। सेहत के लिहाज से देखा जाए तो यह काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। अगर कोई व्यक्ति एक महीने तक लगातार टमाटर का जूस पिए तो उसके शरीर में तुरंत फर्क दिखने लगेगा।

टमाटर के जूस को आप रोजाना खाली पेट पीने से गजब के फायदे मिलते हैं। बीपी से लेकर दिल से जुड़ी बीमारियां भी दूर हो जाती है। टमाटर के जूस में लाइकोपीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। शरीर के लिए फायदेमंद है।

अगर आपका वजन काफी ज्यादा बढ़ा हुआ है तो आप इसे रोजाना पीना शुरू कर दें। तेजी से आपका वजन घटने लगेगा। साथ ही पेट से जुड़ी समस्याओं से भी हमेशा के लिए निजात मिल जाएगा।

गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए टमाटर का जूस कारगर है। अगर शरीर में पानी की कमी हो रही है तो आप एक महीने तक टमाटर का जूस पिएं। गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए टमाटर का जूस कारगर है। अगर शरीर में पानी की कमी हो रही है तो आप एक महीने तक टमाटर का जूस पिएं।

# नेहा मलिक ने बिकनी ड्रेस पहन दरिया किनारे दिए सेक्सी पोज



भोजपुरी अदाकारा नेहा मलिक सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाने के लिए मशहूर हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फैंस के छक्के छुड़ाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर बिकनी में तस्वीरें शेयर की हैं। नेहा मलिक ने ऑरेंज कलर की बिकनी पहनी है और दुबई के बीच किनारे एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज देती नजर आई हैं, एक्ट्रेस के खुले बाल उनकी हॉटनेस को और बी इनहांस कर रहे हैं।

दुबई के भव्य फाइव पाम जुमेराह में धूप का आनंद लेते हुए अपनी आकर्षक उपस्थिति से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। चमकीले नारंगी रंग की कटआउट मोनोकिनी पहने हुए, जो उसके कर्व्स को निखार रही थी, नेहा ने आत्मविश्वास और आकर्षण का प्रदर्शन किया, पूल के किनारे अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली आभा से आग लगा दी। अपने सुस्वादु बालों को कंधों पर खूबसूरती से लहराते हुए और आकर्षक चश्मे की एक जोड़ी के साथ, नेहा ने ऐसे पोज़ दिए जो लालित्य और आकर्षण बिखेर रहे थे। अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत वीडियो और शानदार मॉडलिंग शॉट्स के लिए प्रसिद्ध, नेहा ने इंस्टाग्राम पर 4 मिलियन से अधिक प्रशंसकों का एक समर्पित अनुयायी बना लिया है। ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन दोनों जगह उनके चुंबकीय व्यक्तित्व ने उन्हें मनोरंजन उद्योग में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में स्थापित किया है, जिन्होंने अपनी सुंदरता और प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है।एक्ट्रेस का हॉट वीडियो देख यूजर्स घायल हो गए हैं और तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

नेहा मलिक के शानदार करियर में गांधी फेर आ गे (2020), पिंकी मोगे वाली 2 (2021), और मुसाफिर 2020 जैसी फिल्मों में उल्लेखनीय प्रदर्शन शामिल हैं। एक अभिनेत्री के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा चमकती है क्योंकि वह सहजता से विविध भूमिकाएँ निभाती हैं, जिससे उन्हें प्रशंसकों और आलोचकों से समान रूप से प्रशंसा और प्रशंसा मिलती है।

# सयानी गुप्ता ने अपकमिंग फिल्म बारह बाय बारह को लेकर जताई खुशी



एक्ट्रेस सयानी गुप्ता ने अपने दोस्त ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की फिल्म बारह बाय बारह की रिलीज को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के क्लासरूम से उनकी यात्रा को याद किया। सयानी गुप्ता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे प्यारे दोस्त की फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह मुझे बहुत भावुक कर देता है। एफटीआईआई में हमारी कक्षा से लेकर अब तक का सफर कैसा रहा, अच्छी चीजें यहां हैं, बधाई हो।

गौरव मदान द्वारा निर्देशित, बारह बाय बारह की कहानी एक फोटोग्राफर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर मृतकों के अंतिम क्षणों को कैद करता है। वह जीवन और मृत्यु के चक्र की परिधि से होकर यात्रा पर निकलता है। फिल्म में हरीश खन्ना और गीतिका विद्या ओहल्याण भी हैं। सयानी को पिछली बार नंदिता दास की फिल्म ज़्विगाटो में देखा गया था, जिसमें कपिल शर्मा और शहाना गोस्वामी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म एक डिलीवरी राइडर की कहानी बताती है।

# निखिल आडवाणी की 'फ्रीडम एट मिडनाइट' की पहली झलक आई सामने

## गांधी-नेहरू-पटेल दिखे एक साथ

फिल्म निर्माता निखिल आडवाणी की बहुप्रतीक्षित परियोजना 'फ्रीडम एट मिडनाइट' की पहली झलक सामने आ चुकी है। इस



पॉलिटिकल ड्रामा में स्वतंत्रता आंदोलन, और ब्रिटिश द्वारा भारत और पाकिस्तान के विभाजन के दौरान की अनकही कहानियां और महत्वपूर्ण क्षणों को दिखाया जाएगा। हिंदी सिनेमा शुरू से ही स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता सेनानियों पर फिल्में बनाता आ रहा है। इन फिल्मों में विभाजन का दर्द भी देखने को मिला, स्वतंत्रता के लिए संघर्ष देखने को मिला और मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर कर देने वाले वीर देशभक्तों का बलिदान भी देखने को मिला। बॉलीवुड ने दर्जनों ऐसी फिल्म बनाई हैं। अब निर्माता निखिल आडवाणी इस मुद्दे पर वेब सीरीज के साथ हाजिर हो रहे हैं। उनकी इस वेब सीरीज को सोनी लिव पर प्रसारित किया जाएगा।

कलाकारों की बात करें तो इस सीरीज में सिद्धांत गुप्ता पंडित जवाहर लाल नेहरू, चिराग वोहरा महात्मा गांधी और राजेन्द्र चावला सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। सीरीज के बारे में बात करते हुए निर्माता ने कहा कि यह सीरीज हमारे दिग्गज स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजली है, जिन्होंने साहसपूर्ण ढंग से आजादी के लिए लड़ाई लड़ी।

निर्माता ने आगे कहा कि हम सबको स्वतंत्रता के प्रमुख बलिदान और संघर्षों के बारे में पता है, जिन्होंने भारत को आजादी दिलाई, लेकिन इन बड़े संघर्षों और बलिदानों के बीच भी कुछ है। बता दें कि यह सीरीज लैरी कॉलिन्स और डोमिनिक लैपिएर की किताब 'फ्रीडम एट मिडनाइट' पर आधारित है। सीरीज जल्द ही सोनी लिव पर प्रसारित होगी।

# राघव लॉरेंस का फैंस को खास तोहफा, बेंज और हंटर के बाद फिल्म अधिगरम में धमाल मचाएंगे अभिनेता



**साउथ सिनेमा के फेमस एक्टर राघव लॉरेंस ने दर्शकों को कई हिट फिल्में दी हैं। अब अभिनेता अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। हाल ही में, राघव लॉरेंस ने दो परियोजनाओं की घोषणा की है, जिनका नाम बेंज और हंटर है। दोनों फिल्मों में वह मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। डायनामिक निर्देशक लोकेश कनगराज बेंज के निर्माता हैं और बक्कियाराज कन्नन इसका निर्देशन करेंगे। वहीं, हंटर का निर्देशन वेंकट मोहन करेंगे।**

इसके अलावा राघव ने एक और प्रोजेक्ट की घोषणा की है और सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। इस प्रोजेक्ट का नाम अधिगरम है। बता दें कि फिल्म की कहानी निर्देशक वेत्रिमारन ने लिखी है। वेत्रिमारन की तारीफ करते हुए अभिनेता राघव लॉरेंस ने कहा कि वह निर्देशक की कहानी से काफी प्रभावित हैं और इसलिए वह ऐसी भव्य और अलग फिल्म पर काम करने के लिए काफी उत्साहित हैं।

इसके अलावा राघव लॉरेंस ने यह भी खुलासा किया कि वह बेंज और हंटर को पूरा करने के बाद अधिगरम पर काम करना शुरू करेंगे। हालांकि निर्देशक और कलाकारों के नाम के बारे में कोई भी खुलासा नहीं किया गया है। फाइव स्टार क्रिएशन्स के कथिरेसन, जिन्होंने पहले लॉरेंस की रुद्रन का निर्माण किया था, अब अधिगरम का निर्माण करेंगे। अभिनेता के फैंस उनके इस नए प्रोजेक्ट की घोषणा के बाद काफी उत्साहित हो गए हैं और राघव को ढेर सारी शुभकामनाएं भी दे रहे हैं।

राघव भी अपने फैंस को बैक टू बैक फिल्मों का तोहफा देने से पीछे नहीं हट रहे हैं। वहीं, बता दें कि पिछले दिनों राघव ने फिल्म बेंज के बारे में बात करते हुए फिल्म को सपने के सच होने जैसा बताते हुए लिखा था, मैं लोकेश कनगराज भाई के साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह लंबे समय से एक सपना सच होने जैसा है। निर्देशक बक्कियाराज ने भी अपने प्रशंसकों को तमिल नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए, बेंज के लिए लोकेश और राघव के साथ सहयोग करना खुशी और सम्मान बताया।

# श्री रामायण कथा में सीता का किरदार निभाने पर अंजलि अरोड़ा ने तोड़ी चुप्पी



लॉकअप फेम अंजलि अरोड़ा के हाथ एक बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। अंजलि एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही है। अब वो फिल्म श्री रामायण कथा में माता सीता का रोल प्ले करते दिखेंगी।

रियलिटी शो लॉकअप फेम अंजलि अरोड़ा सोशल मीडिया पर अपनी तसवीरों और रील वीडियोज को लेकर चर्चा में रहती है। वो अबतक कई म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी है। अब उनसे जुड़ी एक बड़ी खबर आ रही है, जिसे जानकर उनके फैंस खुश हो जाएंगे। कच्चा बादाम गर्ल फेम अंजलि अब एक्टिंग में कदम रखने जा रही है। जी हां, अभिषेक सिंह के डायरेक्शन में बन रही फिल्म श्री रामायण कथा में वो माता सीता का किरदार निभाती दिखेंगी। इस बारे एक्ट्रेस ने खुद एक इंटरव्यू में बताया।

### अंजलि निभाएंगी माता सीता का किरदार

सोशल मीडिया स्टार अंजलि अरोड़ा अब फिल्म श्री रामायण कथा में माता सीता का रोल प्ले करते दिखेंगी। ईटाइम्स के साथ एक इंटरव्यू में अंजलि ने ये रोल मिलने पर अपनी कृतज्ञता जाहिर की। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे यह भूमिका निभाने का मौका मिल रहा है और इसके लिए मैं सौभाग्यशाली फील कर रही हूं। एक्ट्रेस ने आगे बताया, मेरा मानना है कि उन्होंने मुझमें कुछ ऐसा देखा जिससे उन्हें यकीन हो गया कि मैं किरदार के साथ न्याय कर सकती हूं।

### अंजलि अरोड़ा ने कही ये बात

अंजलि अरोड़ा ने कहा, मुझे पिछले महीने की फाइनल कर लिया गया था। मैं वीडियो देख रही, वर्कशॉप अटेंड कर रही हूं, ताकि मैं किरदार के साथ जस्टिस कर पाऊं। वहीं, फैंस नितेश तिवारी की रामायण का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें रणबीर कपूर और साईं पल्लवी राम और सीता के किरदार में दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। जबकि अंजलि की फिल्म भी हिंदू महाकाव्य से प्रेरित हैं। ऐसे में अन्य एक्ट्रेस के साथ तुलना होना लाजिमी है। इसपर अजंलि ने कहा, मुझे मालूम है कि तुलना तो होती ही रहती है और तुलना से कौन नहीं डरता? अगर मेरी तुलना किसी बॉलीवुड अभिनेत्री से की जाएगी तो मुझे खुशी होगी।

# ज्यादा दूध पीना भी सेहत के लिए है खतरनाक

## जानिए एक दिन में कितना दूध पीना चाहिए



अक्सर घर के बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि दूध जरूर पीना चाहिए। इससे हड्डी मजबूत होती है। वहीं हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि दूध पीने से बाल, स्किन, हड्डी मजबूत होने के साथ शरीर को विटामिन डी, कैल्शियम और प्रोटीन भरपूर मात्रा में मिलते हैं। डॉक्टर भी कहते हैं सभी को दूध पीना चाहिए। लेकिन कुछ लोगों के लिए दूध पीना काफी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। ज्यादा दूध पीने से हार्मोनल इंबैलेंस हो सकता है। दूध में फैट और कैलोरी बहुत होती है जिसके कारण तेजी से वजन बढ़ता है। इसमें काफी ज्यादा लैक्टोज पाया जाता है। जिसके कारण वजन बढ़ सकता है।

### होने लगती हैं ये परेशानियां

रोजाना दूध पीने से पेट से जुड़ी गंभीर समस्या हो सकती है, जैसे- गैस, अपच, पेट फूलना, दस्त और कब्ज। दूध में बैड और गुड दोनों तरह की बैक्टीरिया पाई जाती है। इसलिए दोनों में बैलेंस बनाना बेहद जरूरी है।

### पाचन से जुड़ी दिक्कत

ज्यादा दूध पीने से पाचन से जुड़ी कई सारी दिक्कतें हो सकती है। इसमें मौजूद लैक्टोस कई लोगों को पचती नहीं है। पाचन बिगड़ने लगती है। और बाद बैचेनी और उल्टी होती है।

### स्किन से जुड़ी समस्याएं

अगर आपको स्किन एलर्जी की दिक्कत है तो आपको बिल्कुल भी दूध नहीं पीना चाहिए। इससे एक्ने, पिगमेंटेशन की समस्या हो सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक स्किन की बीमारी से पीड़ति लोगों को दूध से कई तरह की बीमारी हो सकती है। साथ ही शरीर पर लाल चकत्ते निकल सकते हैं।

### लिवर से जुड़ी परेशानी

जिन लोगों को लिवर की परेशानी है तो उन्हें भूल से भी दूध नहीं पीना चाहिए। दूध फैट से भरपूर होता है। साथ ही लिवर इसे ठीक से पचा नहीं पाता है। जिसके कारण लिवर में सूजन हो जाती है।

### एक दिन में कितना दूध पियें

हर व्यक्ति को अपनी शारीरिक क्षमता के हिसाब से दूध पीना चाहिए, साथ ही उम्र और हाईट के हिसाब से दूध पीना चाहिए।

| | |
|---|---|
| 3 साल तक के उम्र वाले बच्चे | - 300 से 500 मिलीलीटर दूध |
| 4 से 10 साल तक की उम्र | -400 से 600 मिलीलीटर दूध |
| 11 साल से 18 साल तक उम्र | -500 मिलीलीटर से 700 मि.ली. दूध |
| 18 साल से ज्यादा उम्र | -1 से 2 गिलास दूध |

# आमिर और सनी की फिल्म लाहौर 1947 की रिलीज तारीख से उठा पर्दा



आमिर खान को पिछली बार फिल्म लाल सिंह चड्ढा में देखा गया था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका बुरा हाल हुआ।लाल सिंह चड्ढा के बाद आमिर ने एक्टिंग से कुछ समय का ब्रेक ले लिया था और फिलहाल उनका ध्यान फिल्में बनाने पर है।आमिर ने हाल ही में बतौर निर्माता अपनी अगली फिल्म लाहौर 1947 का ऐलान किया था, जिसके हीरो सनी देओल हैं।अब इस फिल्म को अपनी रिलीज तारीख मिल गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म लाहौर 1947 अगले साल गणतंत्र दिवस के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।एक सूत्र ने कहा, फिल्म की शूटिंग अभी चल रही है और यह जून 2024 तक खत्म हो जाएगी। आमिर लाहौर 1947 को अगले साल गणतंत्र दिवस पर रिलीज करना चाहते हैं।सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म में आमिर मेहमान की भूमिका निभा सकते हैं।

लाहौर 1947 के निर्देशन की जिम्मेदारी राजकुमार संतोषी पर है।संतोषी और सनी ने 27 साल बाद हाथ मिलाया है। दोनों की जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को घायल और दामिनी जैसी हिट फिल्में दी हैं।1996 में आई फिल्म घातक के लिए दोनों आखिरी बार साथ आए थे।उधर आमिर, इस फिल्म से संतोषी के साथ 29 साल बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने 1994 में आई फिल्म अंदाज अपना अपना में संतोषी संग काम किया था।

## खास खबर

### कांग्रेस ही भ्रष्टाचार की जननी - मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** अगर मैं कहूं कि कांग्रेस ही भ्रष्टाचार की जननी है तो ये कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद जितने कांग्रेसी प्रधानमंत्री हुए, उनमें स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक अधिकांश पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। स्व. राजीव गांधी जी के कार्यकाल में बोफोर्स घोटाले के कारण उनकी सरकार चली गई। यहां तक कि खुद राजीव गांधी स्वीकार करते थे कि मैं दिल्ली से 1 रुपए भेजता हूं, तो लोगों तक केवल 15 पैसा ही पहुंच पाता है। मनमोहन सिंह सरकार में भी अनेक घोटाले हुए उस समय जब भी कोई समाचार पत्र या टीवी में न्यूज चैनल देखते तो हर दिन कोई नया स्कैंडल सामने आता था। कोलगेट घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम घोटाला, अगस्ता हेलीकॉप्टर खरीदी घोटाला जैसे आरोप मनमोहन सरकार पर लगे। इन्होंने जमीन छोड़ा ना आसमान, हर जगह घोटाला और भ्रष्टाचार किया। एक साक्षात्कार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब 2018 में विधानसभा चुनाव हुए तो जनता ने कांग्रेस पार्टी पर बहुत बड़ा विश्वास करके उन्हें सरकार में बैठाया था लेकिन यहां भी पांच साल कांग्रेस सरकार ने सिर्फ घोटाले किए। पूर्व मुख्यमंत्री पर भी महादेव सट्टा ऐप में प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप लगा। भारतीय जनता पार्टी में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है। नरेंद्र मोदी जी ने जब पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में अपना दायित्व संभाला तो उन्होंने कहा था कि ना खाऊंगा ना खाने दूंगा और सौभाग्य है इस देश का कि दो कार्यकालों के बाद भी मोदी सरकार व उनके किसी मंत्री पर भ्रष्टाचार या घोटालों के आरोप नहीं लगे। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में भी हम भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहे हैं और जो भी इसमें लिप्त पाया जाएगा उस पर हमारी सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। पिछली कांग्रेस द्वारा मोदी सरकार पर भेदभाव के आरोप पर श्री साय ने कहा कि केन्द्र की मोदी की सरकार कभी किसी से भेदभाव नहीं करती है। पिछली कांग्रेस सरकार के साथ भी कोई भेदभाव नहीं किया गया था। जबसे छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी हैं केंद्र सरकार की सभी योजनाएं एवं मोदी की गारंटी का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने का काम हमारी सरकार कर रही है। चुनाव के बाद विष्णु सरकार की जनहितैषी योजनाओं के बंद हो जाने के सवाल पर विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो गई है. उन्हें अपनी हार स्पष्ट दिखाई दे रही है इसलिए वे मुद्दे की बात नहीं कर रहे है, केवल भ्रम और झूठ फैला रहे हैं. संविधान खतरे में पड़ जाएगा।

### कार्यालय में महिलाएं भी काम करती हैं, कभी शिकायत नहीं मिली : दीपक बैज

**रायपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान यहां उनके साथ बदसुलूकी का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है। उनके आरोपों पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि, जो आरोप लगाए गए उनकी जांच हमने की है। रायपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय के सभी स्थानों पर महिला कर्मचारी काम कर रहे हैं। कभी किसी महिला ने खुद को असुरक्षित महसूस नहीं किया। बैज ने कहा कि, सुशील शुक्ला और राधिका खेरा के बीच बहस हुई थी, इस विषय पर सभी रिपोर्ट हमने भेजी है। लेकिन व्यक्तिगत आरोपों को लेकर राम मंदिर की आड़ लेना ठीक नहीं है। सुशील आनंद शुक्ला पर कार्रवाई के सवाल पर श्री बैज ने कहा कि, इस संबंध में कांग्रेस पार्टी फैसला करेगी उल्लेखनीय है कि, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की ओर से नेशनल कोआर्डिनेटर बनाई गई पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने सोमवार को प्रेस कान्फ्रेंस लेकर अपनी ही पार्टी के नेताओं पर जमकर आरोप लगाए। राधिका ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के मीडिया सेल प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल को तो लपेटा ही, साथ ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर भी जमकर आरोप लगाए।

# जीवन में सफल होने के लिए कैरियर के बहुत से अवसर : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। कलेक्टर संजय अग्रवाल आज जेएमजे गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में आयोजित नेशनल कैडेट कोर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। कलेक्टर अग्रवाल ने युवाओं को कैरियर के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मानसिक रूप से स्वयं को मजबूत बनाएं। योग, मेडिटेशन के साथ ही शारीरिक गतिविधियां आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए कैरियर के लिए बहुत से अवसर हैं। युवा, भारतीय सेना, शिक्षक, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे सकते हैं।




उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान पोस्ट कार्ड विधि का प्रयोग करते हुए रिवीजन किया, जिसके कारगर परिणाम रहे। मुख्य बिंदुओं को पोस्ट कार्ड पर लिखकर रिविजन करना परिणाममूलक रहा।

ऐसे विद्यार्थी जो मानसिक तौर पर मजबूत होते है, वे असफल होने पर फिर से तैयारी में जुट जाते हैं। उन्होंने कहा कि 8 घण्टे के पढ़ाई के साथ ही कोचिंग या अपने शिक्षकों से मार्गदर्शन ले सकते हैं। व्यवस्थित एवं योजनाबद्ध तरीके से अध्ययन करने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करते हुए अध्ययन की गति बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामूहिक चर्चा के माध्यम से पढ़ाई करने पर प्रतियोगी परीक्षाओं में फायदा मिलता है। उन्होंने गीता के प्रेरक श्लोक का स्मरण करते हुए युवाओं से कहा कि कर्म करते रहें और फल की चिंता न करें। जीवन भर इस ज्ञान का अनुकरण करें। हर देश, काल, परिस्थिति में गीता का यह ज्ञान सार्वभौमिक एवं प्रासंगिक है। किसी भी तरह का तनाव नहीं ले और मेहनत एवं कोशिश के हिसाब से अपनी अपेक्षाओं को बढ़ाएं। कलेक्टर ने इस दौरान युवाओं द्वारा किए गए प्रश्न एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा उन्हें मन लगाकर पढने् के लिए कहा। कलेक्टर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार दुबे ने युवाओं को भारतीय सेना में जाने के लिए अग्निवीर परीक्षा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि अनुशासन में रहने के साथ ही व्यवस्थित दिनचर्या एवं पढ़ाई से सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने अपने जीवन शैली के बारे में तथा अनुशासन में रहने के बारे में बताया।

उन्होंने युवाओं से कहा कि फिट एवं स्वस्थ रहें। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने कहा कि मेमोरी मैप के लिए पोस्टकार्ड विधि का प्रयोग कर सकते हैं। विद्यार्थी परीक्षा के समय तनाव नहीं ले तथा पढ़ाई के बीच-बीच में थोड़ा आराम करें। इस अवसर पर सचदेवा कॉलेज भिलाई के कैरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट चिरंजीव जैन ने कहा कि बिना तनाव एवं दवाब के पढ़ाई के लिए उत्साह के साथ पढ़ाई करें। इस अवसर पर सूबेदार रितेश आर नायर, लेफ्टिनेंट टिकेश्वर निषाद, सचदेवा कॉलेज भिलाई के करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट गरिमा जैन, करियर काउंसलिंग एंकर दाक्षी साहू एवं कैडेट उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि 38वीं छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन राजनादगांव के तत्वावधान में जेएलएम गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में 2 से 11 मई तक दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में राजनांदगांव, मानपुर-मोहला-चौकी एवं कवर्धा जिलों के 7 महाविद्यालय एवं 9 विद्यालय से लगभग 585 कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भाग ले रहे हैं। जिसमें केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव, सर्वेश्वर दास हायर सेकेण्डरी विद्यालय राजनांदगांव, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पिपरिया, कन्या हायर सेकेण्डरी विद्यालय मोहला, हायर सेकेण्डरी विद्यालय रामपुर, होली किंगडम हायर सेकेण्डरी स्कूल कवर्धा के बच्चे शामिल हो रहे है।

# चुनाव से पहले ही कांग्रेस ने मानी हार : अनुराग ठाकुर

**शिमला (एजेंसी)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हिमाचल प्रदेश में कांग्रेसियों के बयान बाजी का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस में शीर्ष नेतृत्व से लेकर नीचे तक पढ़ने लिखने की आदत नहीं है इसीलिए उन्हें भाजपा का विकास और अपना भ्रष्टाचार नहीं दिखता। हमने मात्र 1 वर्ष में 20 हजार ग्रामीण आवास मंजूर कराए हैं।

आपदा के समय त्वरित तौर पर 1762 करोड़ दिए गए। हमने मनरेगा में भी अलग से पैसे दिए लेकिन कांग्रेस ने तिरपाल बांटने में भी बंदर बांट करते हुए यह देखा कि कौन कांग्रेस का है कौन बीजेपी का है। कांग्रेसी नेताओं ने तिरपाल बँटाई में भी भाई-भतीजावाद को प्राथमिकता दी। इन्होंने खुद तो आपदा पीड़ितों के लिए कुछ नहीं किया और केंद्र से मिली मदद का भी उपयोग नहीं कर पाए।



अनुराग ठाकुर आज सर्वप्रथम ऊना और हरोली मंडल के पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन में गए और उसके पश्चात धुसाड़ा में एक स्थानीय सम्मेलन में शामिल हुए। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि आज चुनाव परिणाम से पहले हीं कांग्रेस पार्टी हार मान चुकी है इसलिए वह कभी ईवीएम तो कभी इलेक्शन कमीशन तो कभी कुछ और पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। कांग्रेस तो झूठ, भय और भ्रष्टाचार से आगे बढ़कर अब डीप फेक का उपयोग कर रही है। कांग्रेस की देश विरोधी नीतियों का आलम यह है कि आज उन्हें समर्थन भारत से नहीं बल्कि पाकिस्तान से मिल रहा है। विदेशी ताकतें कांग्रेस से अपनी उम्मीदें लगाए बैठी हैं लेकिन भारतीय जनता अब कांग्रेस के हाथों में देश कभी नहीं देगी। यह वही कांग्रेस है जो सैन्य खरीद में भी भ्रष्टाचार करती है। यह वही कांग्रेस है जो सेना को कमजोर बनाना चाहती है। यह वही कांग्रेस है जो सेना के पराक्रम पर सवाल उठाती है और कसाब जैसे आतंकवादी के पकड़े जाने के बाद भी पाकिस्तान पर कोई कार्रवाई नहीं करती है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि आपदा से पहले कोविड काल में भी मैंने सिर्फ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र नहीं बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, सिलेंडर, पीपीई किट, मास्क और जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई थीं। हमारी संस्कृति आपदा में राजनीति करने की नहीं है लेकिन कांग्रेस वाले आपदा के समय और नीचे गिरने लगते हैं।

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को इतने बड़े-बड़े प्रोजेक्ट मिले हैं जिनकी पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। 1762 करोड रुपए के एम्स अस्पताल के बाद किसे पता था कि हम अपने ऊना के लिए 500 करोड़ का पीजीआई अस्पताल भी मंजूर करवा लेंगे। लेकिन यह सब हमने मोदी जी के नेतृत्व में संभव कराया है। आज हमारा संसदीय क्षेत्र मेडिकल टूरिज्म का हब बनने वाला है। इससे यहां रोजगार और स्वरोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। इसी प्रकार आज हमारे यहां सभी बड़े शैक्षणिक संस्थान हैं और अब प्रदेश का पहला सिंथेटिक हॉकी फील्ड भी हम ऊना में हीं बनाने जा रहे हैं। आज हमने दौलतपुर चौक तक रेलवे लाइन पहुंचा दी है।

# छत्तीसगढ़ के एक-दो जगहों पर बारिश के आसार, सुबह से छाए हुए हैं बादल, 2-3 डिग्री गिरेगा पारा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच बारिश की संभावना बनी हुई है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। साथ ही बारिश की संभावना बनी हुई है। इसके वजह से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री गिरावट होने की संभावना है। वहीं सोमवार को डोंगरगढ़ गर्म रहा है। यहां अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, एक चक्रवती परिसंचरण दक्षिण झारखंड और आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर स्थित है। एक ट्रफ रेखा दक्षिण झारखंड से पश्चिम मध्य प्रदेश तक चक्रवर्ती परिसंचरण के ऊपर से समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर बनी हुई है। समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर पूर्वी विदर्भ से लेकर तेलंगाना रायलसीमा दक्षिण आंतरिक कर्नाटक से दक्षिण तमिलनाडु तक एक ट्रफ हवा का विच्छेदन बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। साथ ही बारिश की संभावना भी बनी हुई है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि समुद्र तल से नमी हवाओं का आगमन होने से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आगामी दो दिनों तक प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात और अंधड़ चलने की संभावना है। इससे प्रदेश में दो से तीन डिग्री तक अधिकतम तापमान में गिरावट होने की भी संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, एक चक्रवती परिसंचरण दक्षिण झारखंड और आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर स्थित है। एक ट्रफ रेखा दक्षिण झारखंड से पश्चिम मध्य प्रदेश तक चक्रवर्ती परिसंचरण के ऊपर से समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर बनी हुई है। समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर पूर्वी विदर्भ से लेकर तेलंगाना रायलसीमा दक्षिण आंतरिक कर्नाटक से दक्षिण तमिलनाडु तक एक ट्रफ हवा का विच्छेदन बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। साथ ही बारिश की संभावना भी बनी हुई है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि समुद्र तल से नमी हवाओं का आगमन होने से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आगामी दो दिनों तक प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात और अंधड़ चलने की संभावना है। इससे प्रदेश में दो से तीन डिग्री तक अधिकतम तापमान में गिरावट होने की भी संभावना है।

प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस ड़ोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया है। आज राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

महासमुंद। जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक के निर्देशन व महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला पंचायत सहायक परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में एनआरएलएम के महिला समूह द्वारा पूरे जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु रंगोली, शपथ ग्रहण, नारा लेखन के माध्यम से जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।



जिसमें सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्व सहायता समूह के सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव में किशोरियों के साथ बैठक कर बाल विवाह की जानकारी देते हुए स्वयं एवं समाज में बाल विवाह पूर्णत: बंद करने की शपथ ले रहे है। साथ ही रंगोली व नारा लेखन के माध्यम से भी गांव के लोगों को समाज में व्याप्त बुराई को मिटाने एवं विवाह की उम्र हो जाने पर ही विवाह करने हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

यह अभियान निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा एवं छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त प्रदेश बनाने में आगे बढ़ाएगा। कानूनन रूप से विवाह की उम्र लड़कियों की 18 वर्ष एवं लड़कां का 21 वर्ष तय है जिसका सभी को अनुपालन करना है। निर्धारित उम्र में या उसके बाद ही विवाह करने हेतु शासन प्रशासन लगातार प्रयासरत है एवं इसके विरुद्ध जाने पर कार्यवाही का प्रावधान भी है।

# ई-संजीवनी कंसल्टेन्सी बना मरीजों का हमदर्द

## केवल एक वीडियो कॉल से मरीजों को मिल रही है उचित चिकित्सकीय परामर्श

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** जिला मुख्यालय के जिला अस्पताल में विगत दो महीनों से प्रारंभ हुई टेलीमेडिसिन की नवीन पहल। जिसे ''ई-संजीवनी साथी'' कहा जा सकता है। वास्तव में दूर दराज के मरीजों के लिए एक हमदर्द साबित हो रहा है। केवल एक वीडियो कॉल के माध्यम से चिकित्सकों द्वारा मरीजों से सीधे रूबरू होकर उनके शारीरिक व्याधियों के लक्षणों को सुना जाता है और बीमारियों का सूत्र पकड़ते हुए उचित औषधियों के सेवन का परामर्श, परहेज अथवा सीधे अस्पताल आने की सलाह दी जाती है।

इस चिकित्सकीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का सबसे बड़ा लाभ उन मरीजों एवं उनके परिजनों को हो रहा हैं जो दूर दराज के क्षेत्रों में निवास करते है और तुरन्त जिला अस्पताल नहीं पहुंच सकते। टेलीमेडिसिन




के जरिये जिला अस्पताल के चिकित्सक प्रतिदिन दो घंटे के लिए मरीजों हेतु उपलब्ध रहते है जहां उन्हें 40 से अधिक ग्रामीण प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से विडियो कॉल मिलती है और वे लोगों को सीधे चिकित्सकीय परामर्श देते है। और मरीजों को रोगों की गम्भीरता का पता चलने के साथ-साथ और उन्हें समय पर उचित इलाज कराने का विकल्प मिल जाता है। इस सुविधा के प्रारंभ होने से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को सीधे अस्पताल आने की जरूरत नहीं पड़ती है और वे समय रहते उपचार प्रारंभ करा सकते है। इसके साथ ही उन्हें अस्पताल आने जाने के खर्चे, दूरी, समय की बचत, जैसी सुविधाएं होने के साथ-साथ अस्पताल में भीड़ से हो रही असुविधा का भी सामना नहीं करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (आरएचओ) से सम्पर्क किया जाता है जहां जिला अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराये गये लिंक के माध्यम से जिला अस्पताल सम्पर्क साधा जाता है और उपलब्ध चिकित्सक मरीजों से मश्वरा करते है। तत्पश्चात चिकित्सको के परामर्श अनुसार उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एएनएम एवं सीएचओ द्वारा मरीजों को निशुल्क दवाई दी जाती हैं।

इस संबंध में अस्पताल में उपस्थित टेली कंसल्टेन्सी सुश्री पूजा डे एवं आरएमए शत्रुघन सोनी ने बताया कि जिला प्रशासन की इस पहल से विडियो कॉल के माध्यम से कई मरीजों की बीमारियों की स्थिति का पता समय से पूर्व पता चलने के साथ-साथ उपचार कराने का पर्याप्त समय मिल रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम पालनार निवासी एक ग्रामीण के कैंसर के प्रारंभिक स्टेज का पता भी विडियो कंसल्टेन्सी के माध्यम से मिला और अब ग्रामीण का उपचार प्रारंभ हो चुका है। इस प्रकार अब तक 1 हजार से ज्यादा मरीज इस सुविधा का लाभ ले चूके है। कुल मिलाकर सुदूर ग्रामीण अंचल में रहने वाले आम ग्रामीण के लिए यह सुविधा वरदान है जो किसी भी प्रकार की शारीरिक अस्वस्थता के चलते जिला चिकित्सालय नहीं आ पाते है वे ऐसी स्थिति में अपने ग्राम के समीप ही जिला चिकित्सकों से संवाद कर उचित स्वास्थ्य सलाह ले रहे है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### मालगाड़ी हुई बेपटरी, छह घंटे कोयला परिवहन रहा बाधित

**कोरबा (ए.)।** जूनाडीह साइडिंग से गेवरारोड रेलवे स्टेशन के मध्य एक कोयला लोड मालगाड़ी बेपटरी हो गई। घटना के बाद रेलवे व एसईसीएल प्रबंधन में हडकंप मच गया। इससे छह घंटे रेल लाइन पर कोयला परिवहन बाधित रहा। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को जुनाडीह साइडिंग से मालगाड़ी के वैगनों में कोयला ढलान के बाद गाड़ी को आगे बढ़ाया गया।

गेवरारोड रेलवे स्टेशन से पहले मालगाड़ी आगे चलकर दो वैगनों का पहिए पटरी से उतर गए। कुछ दूरी पर जाने के बाद लोको पायलट को कुछ अनहोनी महसूस किया, तब मालगाड़ी रोकी। तब तक बेपटरी मालगाड़ी लगभग 100 मीटर दूरी तक घसीटती रही। इसकी वजह से रेल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर रेलवे व एसईसीएल के अफसर के साथ ही इंजीनियरिंग समेत अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तदुपरांत मेंटेनेंस का काम शुरू हुआ। इसके बाद रेल लाइन में सुधार का कार्य शुरू किया गया। कर्मचारियों की काफी मशक्कत के बाद लगभग छह घंटे के बाद रेल लाइन बहाल की जा सकी। इस दौरान इस रेल लाइन से कोयला परिवहन बाधित रहा। बताया जा रहा है कि दुर्घटना की वजह से तीन से चार रैक कोयला परिहन नहीं हो सका।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

**रायपुर (ए.)।** ग्राम उल्बा रोड नर्सरी के पास पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक घायल है। मामले में अभनपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुरूद धमतरी निवासी मृतक विश्राम धीवर 50 वर्ष अपने रिश्तेदार छबिलाल धीवर 55 वर्ष और लकेश धीवर के साथ बाइक क्रमांक सीजी 05 एजे 1491 से कहीं जा रहा था। तभी ग्राम उल्बा रोड नर्सरी के पास पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 डब्लू 3390 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में विश्राम और छबिलाल की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# रायपुर स्टेशन परिसर शराब पीते पकड़े गए कुली

## सिविल ड्रेस में अचानक पहुंचे थे सीनियर डीसीएम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रेलवे स्टेशन पर शराब खोरी करते कुलियों की सीनियर डीसीएम ने खबर ली। सोमवार को सिविल ड्रेस में पहुंचे सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने निरीक्षण के दौरान विश्राम गृह में कुली शराब पीते पकड़े गए। कुलियों को इस प्रकार देख सीनियर डीसीएम काफी नाराज हुए और जमकर लताड़ा। भविष्य में ऐसा दोबारा करते पकड़े जाने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी।

सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी के निरीक्षण के दौरान शराब पीते पकड़े जाने पर रायपुर स्टेशन पर कार्यरत कुली बिल्ला क्रमांक 165 सुभाष निर्मलकर ने लिखित में स्वीकार किया कि वह और उसके साथी मदिरापान कर रहे थे। सुभाष निर्मलकर के साथ भुवन साहू, अरुण निर्मलकर झराड प्रसाद भी



साथ में मदिरापान कर रहे थे, भविष्य में इस तरह की घटना ना हो इस हेतु उन्होंने संबंधित रेल कर्मियों को भी हिदायत दी और कुली का बिल्ला 165 क्रमांक जमा कर लिया गया है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि क्लॉक रूम में कार्यरत स्टाफ अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से कर रहे थे, यात्रियों से व्यवहार भी सौम्य था एवं स्टॉल पर ओवरचार्जिंग भी नहीं पाई गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सभी यात्रियों को आगाह किया है कि किसी भी प्रकार की अनियमित गतिविधियां अगर स्टेशन में पाई जाती है तो तुरंत 139 रेलवे हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज करें।

### सेफ बबल में बैठे दिखे पुरुष यात्री

निरीक्षण के दौरान सीनियर डीसीएम ने पाया कि अक्षिता सेफ बबल महिलाओं के लिए आरक्षित प्लेटफार्म पर ओपन प्रतीक्षालय में पुरुष बैठे पाए गए। इस दौरान उन्होंने पुरुष यात्रियों को समझाइश दी। रेलवे द्वारा अपने महत्वपूर्ण स्टेशनों रायपुर, दुर्ग एवं भिलाई स्टेशनों के सामान्यतया प्लेटफार्म नंबर 1 पर एक ऐसे जगह को चिन्हांकित किया जो कि प्लेटफार्म के लगभग मध्य स्थित हो, रेलवे सुरक्षा बल के पोस्ट, स्टेशन मास्टर आदि रेल कार्यालय के निकट हो। यहां अनिवार्यतया सीसीटीवी कैमरे लगें हो, पानी आदि की सुविधा निकट हो। इन स्टेशनों पर उपर्युक्त संदर्भित सुविधाओं को देखते हुए ऐसे स्थानों को चिन्हाकित कर उन्हें बैरिकेट कर एक सेफ बबल का निर्माण किया गया। इन स्थानों पर रेलवे सुरक्षा बल की महिला कर्मी लगातार निगरानी करती हैं। इसमें पुरुष यात्रियों का प्रवेश वर्जित रहता है जिसके कारण अकेली प्रतीक्षारत महिलाएं सहज भाव से बिना किसी हिचक के आराम के साथ प्लेटफार्म पर अपना प्रतीक्षा समय व्यतीत करती है। चिन्हांकित स्थान होने के कारण प्रत्येक रेलकर्मी की नजर इस सेफ बबल पर रहती है जिससे यह स्थान महिलाओं के लिए सुरक्षात्मक दृष्टि से उपयुक्त है। सीसीटीवी कैमरे की नजर में इस स्थान के रहने से रेलवे सुरक्षा बल नियंत्रण कार्यालय लगातार इस पर अपनी नजर रखता है। यदि महिला बबल में पुरुष यात्री बेठे दिखे तो 139 में कॉल करें।

# निर्माणाधीन मकान से राजमिस्त्री लड़खड़ाकर गिरा, अस्पताल में हुई मौत

**कोरबा (ए.)।** जिले में घर से निर्माणाधीन मकान में काम करने पहुंचा एक राजमिस्त्री अचानक लड़ खड़ाकर गिर गया। उसे मौके पर मौजूद मजदूरों ने आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां थोड़ी ही देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। मृतक पूरी तरह से स्वस्थ था। वह बीते एक माह से लगातार धूप में काम कर रहा था। आशंका जताई जा रही है कि लू की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद वस्तुस्थिति स्पष्ट होगी।

सिविल लाइन रामपुर थानांतर्गत खरमोरा में जगदेव यादव 58 वर्ष परिवार सहित निवास करता था। पेशे से राजमिस्त्री का काम करने वाला जगदेव बीते एक माह से खरमोरा में निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। वह प्रतिदिन की तरह करीब आठ बजे घर से काम करने निकला। वह निर्माण स्थल पर पहुंचने के बाद बैठा हुआ था। थोड़ी देर बाद जैसे ही जगदेव खड़ा हुआ, वह लड़खड़ाकर गिर गया। जिसकी जानकारी मौके पर मौजूद उसके साले ने स्वजनों को दी। वह अपने जीजा को बिना समय गंवाएं मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

मामले की सूचना मिलने पर अस्पताल पुलिस ने परिजनों का बयान दर्ज किया। इस दौरान मृतक के पुत्र ने बताया कि उसके पिता पूरी तरह से स्वस्थ थे। वे बीते एक माह से तेज धूप में भी मकान निर्माण का काम कर रहे थे। संभवत: उनकी मौत लू की चपेट में आने से हुई होगी। हालांकि इस बात की पुष्टि चिकित्सकों ने नहीं की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण की वास्तविक जानकारी सामने आएगी।

# चुनाव से पहले दुर्ग में पकड़े गए कई शराब कोचिए, आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**दुर्ग।** लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में 7 मई 2024 को होने से मतदान होना है। इससे पहले अवैध शराब के विक्रय, धारण, परिवहन पर आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसके लिए आम नागरिकों का भी सहयोग लिया गया है। आबकारी विभाग द्वारा शराब की अवैध बिक्री को रोकने टेलीफोन शिकायत नम्बर 0788-2325836 जारी किया था।

सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में अवैध शराब के विक्रय को नियंत्रण करने हेतु आम नागरिकों के लिए जारी टेलीफोन नम्बर से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम द्वारा विधिवत कार्यवाही किया गया है। आबकारी अमले द्वारा रेलवे पुलिस के साथ रेलवे स्टेशनों तथा वहां से गुजरने वाले ट्रेनों की जांच, बस स्टेशनों एवं बसों की जांच, होटल, बार, ढाबों तथा मुख्य एवं अवैध शराब के पारम्परिक मार्गों में लगातार गश्त की जा रही है। विभाग द्वारा शराब के कई कोचिओं को अवैध रूप से शराब विक्रय करते हुए पकड़ा गया है तथा उन आरोपियों पर विधिवत कार्रवाई की गई है।

आबकारी विभाग द्वारा आरोपी झलवा कोसरे के कब्जे से कुल 54 नग शोले देशी मसाला पाव, कुल मात्रा 9.720 बल्क लीटर, जिसका कुल बाजार मूल्य 5940 रुपए है एवं एक दोपहिया वाहन हीरो एचएफ डीलक्स सीजी 07 बीएक्स 3801, जिसकी कीमत 30000 है, को जप्त कर प्रकरण कायम किया गया। वृत-भिलाई 04 के अन्तर्गत कुम्हारी मार्ग



पर आरोपी राजकुमार सिन्हा पिता फेरूराम के कब्जे से कुल 54 देशी मदिरा मसाला शोले पाव, जिसकी मात्रा 9.720 बल्क लीटर तथा कुल बाजार मूल्य 5940 रुपए जप्त किया गया, किया जाकर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

इसी क्रम में वृत-भिलाई 04 अन्तर्गत ग्राम कुम्हारी रामनगर वार्ड 07 थाना कुम्हारी में आरोपीया सोहागा बाई पति चन्द्रहास के के कब्जे से कुल 54 नग मसाला पाव, जिसकी कुल मात्रा 9.720 बल्क लीटर जप्त किया गया, जिसका कुल बाजार मूल्य 6000 रुपए है। आरोपिया के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी क्रम में वृत-धमधा के अन्तर्गत ग्राम नंदिनी सेमरिया मार्ग पर आरोपी मिथलेश श्रीवास पिता रामजी श्रीवास के कब्जे से कुल 39 नग पाव देशी मदिरा मसाला कुल मात्रा 7.020 बल्क लीटर, जिसका कुल बाजार मूल्य 4290 रुपए है एवं एक वाहन दो पहिया जिसका अनुमानित कीमत 20000 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी क्रम में वृत-भिलाई 04 के अन्तर्गत भिलाई 03 गांधीनगर वार्ड 15 मार्ग पर आरोपी प्रेम वर्मा पिता सुदामा वर्मा के कब्जे से कुल 42 देशी मदिरा मसाला पाव, जिसकी मात्रा 7.560 बल्क लीटर तथा कुल बाजार मूल्य 4620 रुपए है, जप्त किया जाकर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), के तहत प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक अरविन्द साहू द्वारा विवेचना में लिया गया।

एक अन्य प्रकरण में वृत्त भिलाई क्रमांक 02 के अन्तर्गत आरोपी शुभम पाण्डेय पिता राकेश निवासी अर्जुन नगर वार्ड नम्बर 29 वैशाली नगर पुलिस स्टेशन के कब्जे से 35 नग मसाला शोले पाव, जिसकी मात्रा 6.3 बल्क लीटर तथा एक दुपहिया वाहन होण्डा सीएस 125 सीजी 07 बीजेड 8259 जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), के तहत प्रकरण दर्ज कर सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सुप्रिया शर्मा द्वारा विवेचना में लिया गया। इसीक्रम में गाड़ाडीह कनाकोट मार्ग थाना उतई जिला दुर्ग में, विजय यादव उर्फ मोनू पिता नरोत्तम यादव 27 वर्ष जाति यादव निवासी गाड़ाडीह थाना उतई दुर्ग, इंद्रपाल पिता देवार चन्द जाति गांडा 35 वर्ष निवासी इंद्रानगर उड़िया मोहल्ला थाना पाटन जिला दुर्ग के कब्जे से एक पीले रंग की प्लास्टिक की बोरी में 83 नग पाव विदेशी मदिरा जम्मू डिलक्स व्हिस्की 14.94 बल्क लीटर विदेशी मदिरा (बाजार मूल्य 10970 रुपए जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक हरीश कुमार पटेल द्वारा विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार पाटन जामगांव मार्ग में आरोपी हरिश चौहान के कब्जे से कुल 53 पाव देशी मदिरा शोले कुल मात्रा 9.54 बल्क लीटर जिसका कुल बाजार मूल्य 5830 रुपए है, जप्त किया जाकर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), के तहत प्रकरण दर्ज कर पंकज कुजूर के द्वारा विवेचना में लिया गया। एक अन्य मामले में रिसाली बोरसी मार्ग पर आरोपी खिलेंद्र खुंटेल से एक सफेद रंग के थैले में 54 नग मसाला शोले पाव, जिसकी मात्रा 9.72 बल्क लीटर जिसका बाजार मूल्य 5940 रुपए, जप्त कर 34(2)के प्रकरण कायम कर धीरज कन्नौजिया द्वारा विवेचना में लिया गया।

एक अन्य प्रकरण में मिनिमाता नगर खुर्सीपार में आरोपिया एम देवी पति एम परसराम के कब्जे से कुल 190 पाव जम्मू डीलक्स विदेशी मदिरा, मात्रा 34.2 बल्क लीटर जप्त किया गया, जिसका कुल बाजार मूल्य 24700 रुपए है। इस प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), के तहत प्रकरण दर्ज कर सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी वृत्त भिलाई 03 धीरज कन्नौजिया के द्वारा विवेचना में लिया गया।

# वोटिंग: मतदाताओं पर मधुमक्खियों का हमाल

## 8 लोगों को अस्पताल में किया गया भर्ती

**जशपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण के मतदान के दौरान वोटिंग करने पहुंचे वोटर्स पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया है। इस हमले में 8 लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान शुरू हो गया है। इस बीच छत्तीसगढ़ की सात लोकसभा सीटों पर वोटिंग हो रही है। इस बीच पोलिंग केंद्र में मतदान करने पहुचें ग्रामीणों पर मधुमक्खियों का हमला हुआ है। इस हमले में 8 लोग घायल हो गए है। इस हमले में सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि यह सभी मतदान करने पहुंचे हुए थे उस दौरान यह घटना घटी है।

बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला सरगुजा लोकसभा क्षेत्र आने वाले जशपुर जिले की है। जहां जिले के आरा मतदान केंद्र में सुबह से ही मतदाता बड़ी संख्या में पहुंचकर वोट डालने कतार में खड़े हुए थे,उसी दौरान मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों अपनी जान बचाकर इधर उधर भागने लगे। इस हमले में मधुमक्खियों ने 8 लोगों को काटा है इन सभी को तुरंत एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल ले जाया गाय है, जहां सभी का इलाज जारी है।

### विधायक पहुंची अस्पताल

वहीं मधुमक्खियों के हमले से आठ लोगों के घायल होने की जानकारी लगते ही जशपुर विधायक रायमुनी भगत घायलों से मिलने अस्पताल पहुंची है। विधायक ने डॉक्टरों को घायलों का उचित इलाज करने की बात करते हुए घायल से मिली है।

### नाबालिग बालिका से छेड़छाड़, आरोपी गिरफतार

**राजनांदगांव (ए.)।** नाबालिग से छेड़छाड़ करने तथा धमकी देने वाले एक आरोपी को घुमका थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी को विरूद्ध पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को एक नाबालिग बालिका ने लिखित आवेदन दिया कि आरोपी गोविंदा कोसरे निवासी गिधवा के द्वारा दिनांक घटना 29 अप्रेल के मध्य रात्रि उसके घर के छत पर जाकर छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी दिया है व पीड़िता ने जब रिपोर्ट लिखाने पुलिस थाना जा रही थी तब पुन: आरोपी द्वारा पीड़िता को बलपूर्वक रोका गया था। पीड़िता के लिखित आवेदन पर से सोमवार को थाना घुमका में आरोपी गोविंदा कोसरे के विरूद्ध धारा 354, 354(क), 354 (घ), 456, 506, 509, 341 भादवि. 8,10,12 पाक्सों एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

## पुलिस, ईडी की लगातार कार्रवाई, इतनी सख्ती के बाद भी कोई असर नहीं पड़ा

# ईडी कार्रवाई के बाद भी महादेव सट्टा की चल रही 800 शाखाएं

**रायपुर (ए.)।** महादेव आनलाइन सट्टा देशभर में चल रहा है। पुलिस, ईडी लगातार कार्रवाई कर रही है। इतनी सख्ती के बाद इस पर कोई असर नहीं पड़ा है। पहले की ही तरह अब भी महादेव बुक का सिस्टम काम कर रहा है। करीब 800 ब्रांच दुनियाभर में संचालित हो रही हैं। इसकी जानकारी सट्टा एप के विज्ञापन में जारी की जाती है।

इस नेटवर्क से करीब 10 हजार लोग जुड़े हुए हैं। इनमें करीब नौ हजार लोग अलग-अलग ब्रांच से लेकर पैनल में नौकरी कर रहे हैं। कार्रवाई के दौरान बड़े खाईवाल शहर छोड़ चुके हैं। कुछ दुबई में हैं तो कुछ गोवा, हैदराबाद और पुणे में रह रहे हैं। महादेव बुक के मोबाइल नंबरों दिए जाते हैं। वाट्सएप में मैसेज करते ही सबसे पहले आइडी लेने के लिए पैनल चुनने को बोला जाता है। पैनल चुनते ही रकम भेजने की प्रक्रिया बताई जाती है।




इसके बाद आइडी बनाने के लिए नाम मांगा जाता है। जैसे ही नाम भेजा जाता है वैसे ही एक मिनट में आइडी बनकर आ जाती है। आइडी को लाग इन करते ही बेटिंग शुरू कर दी जाती है। जितने रुपये जमा किए गए हैं, उतने का ही टोकन मिलता है। जीतने पर खिलाड़ी जब रकम मंगाना चाहे तो वह रकम मंगा सकता है। आधे घंटे के भीतर खिलाड़ी के बताए खाते में रकम आ जाती है। ईडी की एफआइआर में इस बात का भी उल्लेख है कि महादेव बुक एप के प्रमोटर्स ने आनलाइन बैटिंग से अर्जित अवैध राशि को कई कंपनियों में निवेश किया है। शैल कंपनियों और शेयर मार्केट में भी रकम इंवेस्ट की गई है।

प्रमोटर्स ने आनलाइन सट्टा के प्रमोशन के लिए सट्टेबाजी वेबसाइटों में भारी मात्रा में नकद रकम खर्च की गई है। इसके लिए हर साल एनुअल स्टार स्टडेड प्रोग्राम कराए जाते थे, जिसमें शामिल हस्तियों को सट्टेबाजी से मिले अवैध राशि से भुगतान किया जाता था। ईओडब्ल्यू ने एफआइआर में भूपेश बघेल, रवि उप्पल, शुभम सोनी, चंद्रभूषण वर्मा, असीमदास, सतीश चंद्राकर, नीतीश दीवान, सौरभ चंद्राकर, अनिल अग्रवाल, विकास छापरिया, रोहित गुलाटी, विशाल आहुजा, धीरज आहुजा, अनिल दम्मानी, सुनील दम्मानी, भीम सिंह यादव, हरीशंकर तिबरवाल, सुरेंद्र बागड़ी, सूरज चोखानी को आरोपित बनाया है। 20 से 40 प्रतिशत में मिलती है ब्रांच दुनियाभर में महादेव बुक की ही करीब 800 से ज्यादा शाखाएं (ब्रांच) अब भी चल रही हैं।

20 से 40 फीसदी के कमीशन में एक ब्रांच मिलती है। हर ब्रांच का सेटलिंग अमाउंट भी अलग-अलग होता है। हर हफ्ते सेटलिंग का सिस्टम बना हुआ है। वर्तमान में हफ्ते में दो बार सेटलिंग हो रही है। ब्रांच देने के लिए गारंटी के तौर पर 15 लाख से 25 लाख रुपये तक का अमाउंट भी लिया जा रहा है। ब्रांच के सेटलिंग अमाउंट की बात करें तो हफ्ते के 15 लाख रुपये से लेकर हफ्ते के दो करोड़ रुपये से ज्यादा तक की सेटलिंग हो रही है। एक ब्रांच में 12 सौ से लेकर दो हजार तक खिलाड़ी होते हैं। अगर ब्रांच फायदे में है तो प्राफिट अमाउंट का 20 से 40 फीसदी ब्रांच आपरेटर अपने पास रखकर बाकी की रकम प्रमोटर्स के बताए खाते में डाल देते हैं या फिर हवाला के जरिए प्रमोटर्स तक पहुंचा देते हैं।

### कार की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत

**रायपुर (ए.)।** माना बस्ती नहर पुलिया के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजू निर्वान्स 25 वर्ष अपने दोस्त ईरफान और आरीफ के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 डीएक्स 9648 से कहीं जा रहा था, तभी माना बस्ती नहर पुलिया के पास कार क्रमांक सीजी 04 केवाय 9775 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में संजू निर्वान्स की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।
















# दुर्ग लोकसभा में दिखा मतदाताओं में उत्साह

## सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान, दोपहर 01 बजे तक 40 फीसदी हुई वोटिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

भिलाई। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ की 7 सीटों पर मतदान हो रहा है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में सुबह से मतदाताओं में भारी उत्साह का माहौल है। सुबह तय समय पर 7 बजे वोटिंग शुरू हो गई। वोटिंग शुरू होने से पहले की लोगों की कतारें लगनी शुरू हो गई। दोपहर 01 बजे तक दुर्ग में 40.23 फीसदी मतदान हुआ। शांतिपूर्ण मतदान के बीच भिलाई के तीन मतदान केन्द्रों में ईवीएम खराब हो गई। इसे बदलने के बाद लगभग आधे घंटे की देरी से मतदान शुरू हुआ।





बता दें दुर्ग लोकसभा में 25 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यहां भाजपा व कांग्रेस का सीधा मुकाबला है। मतदान शाम 6 बजे तक चलेगा और इसके नतीजे 4 जून को आएंगे। 20 लाख 90 हजार 414 मतदाता अपने सांसद का चुनाव करेंगे। इसमें पुरुष 1042000 मतदाता, महिला 1048360 और अन्य 54 मतदाता है। आयु के अनुसार मतदाताओं की संख्या 18 से 19 वर्ष के 56330, 20 से 29 वर्ष के 460852, 30 से 39 वर्ष के 620513, 40 से 49 वर्ष के 416849, 50 से 59 वर्ष के 294945, 60 से 69 वर्ष के 153535, 70 से 79 वर्ष के 68935 और 80 प्लस वर्ष के 18445 मतदाता हैं।

### तीन केन्द्रों में बिगड़ा ईवीएम

मतदान के दौरान आज सुबह से ही बदली छाए होने के कारण लोगों को थोड़ी राहत मिली। वहीं भिलाई में तीन मतदान केन्द्रों में ईवीएम बिगड़ने से देरी हुई। मतदान शुरू होने के बाद सेक्टर 2 डीएवी विद्यालय में बने मतदान केंद्र के बूथ क्रमांक 75 की मशीन में खराब हो गई। इसी प्रकार ईएमएमएस सेक्टर 5 के 2 बूथों में श्वङ्करू में खराबी आई। इन तीनों केन्द्रों में लगभग आधे घंटे के लिए वोटिंग रुक गई। ईवीएमए बदलने के आधे घंटे बाद मतदान शुरू होगा।



### पाण्डेय-यादव ने भी किया मतदान

भिलाई के सेक्टर-9 स्थित बीएसपी स्कूल में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने वोट डाला। पांडे ने कहा विकसित राष्ट्र के लिए सभी वोट डाल रहे हैं। मतदाताओं में भारी उत्साह नजर आ रहा है। वहीं दुर्ग के विधायक गजेन्द्र यादव अपनी पत्नी के साथ स्कूटी में वोट डालने पहुंचे। उन्होंने पद्मनाभपुर स्थित बिजली ऑफिस मतदान केन्द्र में मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने पॉलीटेक्निक कॉलेज स्थित बूथ में वोटिंग की। मतदान के बाद सेल्फी जोन में फोटो के माध्यम से मतदान की जानकारी दी।

## बघेल ने सेक्टर-5 तो राजेन्द्र साहू ने रूंगटा कॉलेज में किया मतदान







दुर्ग। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में भी आज मतदाताओं का उत्साह देखते ही बना। यहां मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी कतारें लगी रही। भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों ने सुबह मंदिरों में पूजा अर्चना कर मतदान केन्द्रों का रूख किया। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने सेक्टर-5 स्थित मतदान केंद्र वोट डाला। वोट डालने से पहले वे गणेश मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर भगवान से आशीर्वाद लिया। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू भी दुर्ग के चंडी मंदिर में पूजा अर्चना की और मां का आशीर्वाद लेकर मिलपारा स्थित रूंगटा कॉलेज में वोट डालने पहुंचे। दोनों ही प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया। भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी ने लोगों से अपने अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की।



### देवेन्द्र ने सपत्नीक डाला वोट

बिलासपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने भिलाई में सेक्टर-5 स्कूल पहुंचकर पत्नी के साथ वोट डाला। वहीं, बेमेतरा में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने गृह ग्राम कुंरा में पत्नी अमला बघेल के साथ मतदान क्रमांक-53 में मतदान किया। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने गृह ग्राम पाउवारा में मतदान किया।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुरुदडीह में किया मतदान



पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने आज अपने पूरे परिवार के साथ पाटन विधानसभा में स्थित गृहग्राम कुरुदडीह पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल, पुत्र चैतन्य बघेल और पुत्रवधू श्रीमती ख्याति बघेल ने भी कुरुदडीह के शासकीय स्कूल में बनाए गए मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और उनके परिवार ने गांव के पैतृक निवास पर परिजनों व ग्रामीणों से मुलाकात की। श्री बघेल ने बताया कि मतदान के लिए कुरुदडीह आने पर परिजनों और गांव के लोगों से मिलने का मौका मिला। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने पहुंचे। गर्मी जरुर है, फिर भी लोकतंत्र के महापर्व में जो जिम्मेदारी है उसे निभाते हुए इस महोत्सव में भागीदार बनें।

### विधायक रिकेश ने किया मतदान, कहा- 11 सीटें जीतेंगे



विधायक रिकेश सेन ने बूथ क्रमांक 92 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर में मतदान किया। दौरान उन्होंने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ इतिहास रचेगी। 11 में से 11 सीटें जीतकर मोदी को बड़ा तोहफा देंगे। विधायक रिकेश सेन ने मतदान से पहले वैशाली नगर विधानसभा के विभिन्न मतदन केन्द्रों में जाकर व्यवस्थाएं भी देखीं।

### कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने किया मतदान




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान किया। उन्होंने सेल्फी जोन में फोटो के माध्यम से मतदान कर लेने जानकारी दी। साथ ही लोगो को मतदान करने की अपील की। दुर्ग के एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने भी अपनी पत्नी के साथ पहुंचकर मतदान किया। इसी प्रकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनन्दन राठौर ने अपनी पत्नी क़े साथ मतदान किया।

### लाइन लगकर की वोटिंग

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने वार्ड क्रमांक-05 के आदर्श मतदान केंद्र में मतदान किया। आम मतदाताओं के साथ लाइन में खड़े होकर उन्होंने अपनी बारी का इंतजार किया। दीपेश साहू ने शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों से अपील भी की। नेताओं के साथ एसपी और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी अपना वोट डाला और सेल्फी जोन में फोटो खींच कर लोगों से वोटिंग की अपील की।

## भिलाई चेंबर ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान, स्याही दिखाने पर मिले गिफ्ट





**भिलाई।** लोकसभा चुनाव में भिलाई चेंबर ने भी अपनी सहभागिता दिखाई है। मतदाताओं के लिए व्यापारियों ने ऑफर्स भी दिए। मतदान के बाद स्याही दिखाने पर फ्री गिफ्ट भी दिया गया। जवाहर मार्केट पावर हाउस भिलाई की कई दुकानदारों ने गिफ्ट बांटे। किसी ने रुमाल तो किसी ने मोजे दिए। वहीं कई व्यापारियों ने आकर्षक छूट भी दी। सुपेला स्थित प्रिया कंप्यूटर के संचालक ने स्याही दिखाने पर लोगों को फ्री में हेडफोन दिया। चेंबर ऑफकामर्स के द्वारा चुनाव से पहले भी बाजारों में विशेष अभियान चलाया गया। पहले तदान फिर दुकान का संकल्प लिया गया जिसे व्यापारियों पे पूरा भी किया। लोकतंत्र के उत्सव में चेंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन सहित कई व्यापारियों ने अपनी सहभागिता दिखाई।



**छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन सहित अन्य व्यापारियों ने किया मतदान...**

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950